●वर्ष : 16 ●अंक : 165 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com


# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

गुरुवार 03 अक्टूबर 2024


# 83300 करोड़ की योजनाओं की सौगात

## ››››› प्रधानमंत्री बोले- आदिवासियों के विकास से ही देश मजबूत होगा

नूना न्यूज एजेंसी

**झारखंड।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के हजारीबाग में 83,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आज मुझे एक बार फिर झारखंड की विकास यात्रा में सहभागी बनने का सौभाग्य मिल रहा है। कुछ ही दिन पहले मैं जमशेदपुर आया था। जमशेदपुर से मैंने झारखंड के लिए सैकड़ों करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया था।आज पूज्य बापू की जन्म जयंती है। आदिवासी विकास के लिए उनका विजन, उनके विचार हमारी पूंजी है। गांधी जी का मानना था कि भारत का विकास तभी हो सकता है, जब जनजातीय समाज का तेज विकास हो। मुझे संतोष है कि आज हमारी सरकार आदिवासी उत्थान पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रही है। झारखंड के हजारों गरीबों को पीएम आवास योजना के तहत अपना पक्का घर मिला था। और अब कुछ ही दिनों के भीतर आज झारखंड में 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। ये योजनाएं आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इसका लाभ देश के 5 करोड़ से ज्यादा आदिवासी भाई-बहनों को मिलेगा। झारखंड के आदिवासी समाज को भी इसका बहुत बड़ा फायदा होगा। मुझे खुशी है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की धरती से हो रही है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के दिन यहां झारखंड से ही पीएम-जनमन योजना भी लॉन्च हुई थी। अगले महीने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर हम पीएम-जनमन योजना की पहली वर्षगांठ मनाएंगे। इस योजना के जरिए आज देश के उन आदिवासी इलाकों में भी विकास पहुंच रहा है, जो सबसे पीछे छूट गए थे। आज यहां पीएम-जनमन योजना के तहत भी करीब साढ़े 1,300




करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास हुआ है। अभी मैंने यहां धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इस योजना पर करीब 80 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत करीब 550 जिलों में 65,000 आदिवासी बहुल गांवों का विकास करने का अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेले व्यवहार का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह बताना चाहिए कि राज्य की बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये की राशि क्यों नहीं जारी की जा रही है। जयराम रमेश ने पोस्ट करते हुए पूछा कि आज जब प्रधानमंत्री झारखंड में हैं तब उन्हें इन सवालों के जवाब जरूर देने चाहिए। वह झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ क्यों नहीं जारी कर रहे हैं? प्रधानमंत्री झारखंड के 8 लाख लोगों को घर देने के अपने वादे को पूरा क्यों नहीं कर रहे हैं? वे इंजीनियरिंग कॉलेज कहां हैं जिनका प्रधानमंत्री ने 2014 में वादा किया था।

# बाढ़ से बिहार का बुरा हाल, बर्बाद और बेहाल!

**नेपाल।** में भारी बारिश का दंश बिहार झेल रहा है। इस दौरान नदी नाले उफान पर है। बिहार, कोसी, गंडक और गंगा नदी में लगाता बाढ़ आई हुई है। इस बाढ़ के कारण कई जगह तबाही का मंजर फैला हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान दरभंगा से लेकर सहरसा में बाढ़ का पानी फैला हुआ है। अब तक 19 जिलों में 12 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हो चुके है। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित जिले पश्चिम चंपारण, अररिया, किशनगंज, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढी, सुपौल, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, मधुबनी, दरभंगा, सारण, सहरसा और कटिहार हैं। इन जिलों के 76 प्रखंडों की 368 पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है। यहां लोगों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। दरअसल, बिहार में कुल 38 जिले हैं जहां बीते दो दिनों से 16 लाख से अधिक लोग बाढ़ से जूझ रहे है। बिहार में सब डूबा हुआ है। लोगों के पास खाने, पीने से लेकर रहने तक का ठिकाना नहीं बचा है। बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं सब बेहाल है। सरकार का दावा है कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों में राहत दी जा रही है। राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 16 टीमों को लगाया गया है। कई प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर इंजीनियर भी जुटे हुए है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भयावह स्थिति का विवरण साझा करेंगे। एक दिन पहले नयी दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कोसी, गंडक एवं गंगा नदियों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया और अधिकारियों को प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाये जाने का निर्देश दिया। पड़ोसी देश नेपाल में भारी वर्षा के कारण 29 सितंबर की सुबह पांच बजे कोसी बैराज, वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था जो 1968 के बाद सर्वाधिक है। इस बैराज से 1968 में अधिकतम 7.88 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। इसी तरह गंडक नदी पर बने वाल्मीकिनगर बैराज से गत शनिवार शाम सात बजे तक 5.38 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### विश्व के वित्तीय एवं निवेश संस्थान भारत के आर्थिक विकास के अनुमानों को बढ़ा रहे हैं

आज जब विश्व में कई विकसित एवं विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही है, वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। कई विदेशी एवं निवेश संस्थान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के सम्बंध में पूर्व में दिए गए अपने अनुमानों में संशोधन कर रहे हैं कि आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति और अधिक तेज होगी। विशेष रूप से कोरोना महामारी के पश्चात भारत ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में तेज रफ्तार पकड़ ली है। भारत में आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को लागू किया गया है। स्टैंडर्ड एवं पूअर (एसएंडपी) नामक विश्व विख्यात क्रेडिट रेटिंग संस्थान ने हाल ही में अपने एक प्रतिवेदन में बताया है कि भारत, केलेंडर वर्ष 2024 में एवं इसके बाद के वर्षों में 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर के साथ वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा तथा भारतीय अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान वर्तमान के 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगा। साथ ही, भारत में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर उच्च मध्यम आय समूह की श्रेणी की हो जाएगी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार भी वर्तमान के 3.92 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। हालांकि एसएंडपी ने भारत में आर्थिक विकास दर के 6.7 प्रतिशत प्रतिवर्ष बढ़ने का अनुमान लगाया है जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर के 7.3 प्रतिशत के अनुमान के विरुद्द 8.2 प्रतिशत की रही है। भारत में अब सरकारी क्षेत्र के साथ ही निजी क्षेत्र भी पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर ध्यान देता हुआ दिखाई दे रहा है, इससे आगे आने वाले समय में केंद्र सरकार पर पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने सम्बंधी दबाव कम होगा और केंद्र सरकार का बजटीय घाटा और अधिक तेजी से कम होगा, जिससे अंततः विदेशी निवेशक भारत में अपना निवेश बढ़ाने के लिए आकर्षित होंगे। इसी प्रकार, विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 में भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी अपने अनुमानों के बढ़ाया है।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# दो युवकों के अपहरण के विरोध में बंद से इंफाल घाटी में जनजीवन प्रभावित

नूना न्यूज एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में दो युवकों के अपहरण के विरोध में मेइती समूह की संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) द्वारा आहूत बंद के कारण इंफाल घाटी के पांच जिलों में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल जिलों में प्रदर्शनकारियों के सड़कों को अवरूद्ध किये जाने के कारण दुकानें और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे तथा वाहन सड़कों से नदारद रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थौबल में महिलाओं ने मेला मैदान, वांगजिंग, यैरीपोक और खांगबोक में एनएच 102 को



जाम कर दिया। मेला मैदान के पास महिलाओं ने सड़क पर प्रदर्शन किया, जबकि युवाओं ने वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए टायर जलाए। थौबल में मंगलवार की सुबह बंद शुरू हुआ। इंफाल पूर्वी जिले के खुरई और लामलोंग में पूरी तरह बंद रहा। जेएसी के संयोजक एल सुबोल ने कहा, युवाओं की रिहाई तक आंदोलन जारी रहेगा। थौबल जिले के तीन युवकों का पिछले सप्ताह कंगपोकपी में अपहरण कर लिया गया था। बाद में, उनमें से एक को मुक्त करा लिया गया, लेकिन अन्य दो लापता हैं। पुलिस के अनुसार, दो दोस्तों के साथ, एन जॉनसन सिंह मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के न्यू कीथेलमंबी में भर्ती परीक्षा देने गए थे, लेकिन रास्ता भटककर कुकी बहुल कंगपोकपी जिले में पहुंच गए। कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने युवकों के अपहरण को राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति की पूरी तरह विफलता बताया। पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख के मेघचंद्र ने कहा कि उन्होंने हाल में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और विधायकों के साथ एक संयुक्त बैठक में मुख्यमंत्री से संवैधानिक प्रावधानों और देश के कानूनों को लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमने उनसे राज्य और केंद्रीय सुरक्षा बलों की मदद से दोनों युवकों को बचाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह से सहायता मांगने का भी आग्रह किया। मेघचंद्र ने कहा, हम यह नहीं समझ पा रहे कि राज्य सरकार दोनों युवकों को बचाने में असमर्थ क्यों रही और गृह विभाग लोगों की सहायता करने में असहाय क्यों दिख रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### सोनम वांगचुक का दिल्ली पुलिस स्टेशन में अनशन

**नई दिल्ली,** लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने मंगलवार को दिल्ली के बवाना पुलिस स्टेशन में अनिश्चित काल के लिए अनशन शुरू कर दिया है। लद्दाख को स्टेटहुड दिलाने की मांग को लेकर सोमवार देर रात दिल्ली पहुंचे सोनम सहित लगभग 120 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। पुलिस ने बताया कि वांगचुक दिल्ली बॉर्डर पर रात बिताना चाहते थे। दिल्ली में 5 अक्टूबर तक धारा 163 लागू है। मार्च कर रहे लोगों को वापस जाने के लिए कहा गया था, जब वे नहीं माने तब एक्शन लिया गया। सोनम वांगचुक को हिरासत में लेने का मामला मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया। एक याचिका में सोनम वांगचुक और अन्य लोगों की रिहाई का आदेश देने की अपील की गई है। कोर्ट 3 अक्टूबर को मामले की सुनवाई के लिए तैयार हो गई है। चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की अगुवाई वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को आज दोपहर 3.30 बजे तक सभी जरूरी दस्तावेज दाखिल करने को कहा है।

### भागलपुर में बम ब्लास्ट में सात बच्चे घायल


**भागलपुर,** भागलपुर में मंगलवार दोपहर 12 बजे के आसपास एक मैदान में ब्लास्ट हुआ है। यहां खेल रहे 7 बच्चे इस ब्लास्ट की चपेट में आए हैं। इनमें से 3 बच्चे ज्यादा झुलसे हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए बच्चों को मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों में मोहम्मद इरसाद के दो बेटे मन्नू और गोलू की स्थिति नाजुक है। बाकी बच्चे की अभी पहचान नहीं हो पाई है। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 1 किमी दूर तक सुनाई दी। धमाके के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है। सिटी एसपी के. रामदास के मुताबिक, मौके पर फॉरेंसिक टीम मौजूद है।

**चश्मदीद बोला- मैदान में खेलने गए थे, किसी ने बम फेंका**

# 150 पुलिस अधिकारियों ने सद्‌गुरु के ईशा फाउंडेशन की ली तलाशी

## कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई, दो बहनों को संन्यासी बनाने से जुड़ा है केस

**चेन्नई,** कोयंबटूर के थोंडामुथुर स्थित ईशा फाउंडेशन के आश्रम में सोमवार को 150 पुलिसकर्मियों की एक टुकड़ी ने छापेमारी की। इस ऑपरेशन का नेतृत्व एक सहायक उप-निरीक्षक रैंक के अधिकारी ने किया, जिसमें तीन डीएसपी भी शामिल थे। यह कार्रवाई मद्रास हाई कोर्ट द्वारा फाउंडेशन के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों पर रिपोर्ट मांगे जाने के एक दिन बाद की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस छानबीन में आश्रम के सभी निवासियों का विस्तृत सत्यापन और कमरों की तलाशी ली जा रही है। यह छापेमारी उस याचिका के बाद की गई, जिसमें एक रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. एस. कमराज ने दावा किया था कि उनकी दो बेटियां, गीता कमराज (42) और लता कमराज (39), फाउंडेशन में जबरन रखी गई हैं। प्रोफेसर ने आरोप लगाया कि ईशा फाउंडेशन लोगों का मानसिक नियंत्रण कर उन्हें संन्यासी बना रहा है और उनके परिवारों से संपर्क तोड़ रहा है।



### कोर्ट ने सद्‌गुरु जग्गी से कहा-अपनी बेटी की शादी कर दी, दूसरों की बेटियों को संन्यासी बनने के लिए क्यों कह रहे

मद्रास हाईकोर्ट ने ईशा फाउंडेशन के फाउंडर और आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव से पूछा कि जब आपने अपनी बेटी की शादी कर दी है, तो दूसरों की बेटियों को सिर मुंडवाने और सांसारिक जीवन त्यागकर संन्यासियों की तरह रहने के लिए क्यों प्रोत्साहित कर रहे हैं। सोमवार, 30 सितंबर को दोनों युवतियां कोर्ट में पेश हुईं। दोनों ने कहा कि वे अपनी मर्जी से ईशा फाउंडेशन में रह रही हैं। उन्हें कैद में नहीं रखा गया है। ईशा फाउंडेशन ने भी दावा किया कि महिलाएं स्वेच्छा से उनके साथ रही हैं। फाउंडेशन ने कहा कि वयस्क लोगों को अपना रास्ता चुनने की आजादी है। हम शादी या संन्यासी बनने पर जोर नहीं देते हैं, क्योंकि ये लोगों का निजी मामला है।

# जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण में 65 प्रतिशत वोटिंग

**श्रीनगर,** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के आखिरी और तीसरे चरण की वोटिंग मंगलवार सुबह 7 बजे से शुरू हुई। 7 जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर 65.48 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा उधमपुर में 72.91 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे कम बारामूला में 55.73 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक चलने वाली वोटिंग में 39.18 लाख वोटर्स शामिल हुए। तीसरे फेज की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। आखिरी फेज में 415 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 387 पुरुष और 28 महिला उम्मीदवार हैं। इस बीच, पीडीपी के प्रवक्ता मोहित भान आरोप लगाया है कि कुपवाड़ा के हटमुल्ला पोलिंग स्टेशन पर धीमें वोटिंग कराई जा रही है। उन्होंने एक्स पर कहा- धरती पर कोई नहीं, जो वोटर्स को वोटिंग टाइम खत्म करने तक मदद कर सके।

# एक्टर गोविंदा को खुद के रिवॉल्वर से लगी गोली

## रिवॉल्वर रखते वक्त हुआ मिसफायर, पैर में लगी

● **मुंबई**



बॉलीवुड एक्टर गोविंदा पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। उन्हें खुद की रिवॉल्वर से गोली लगी। वो रिवॉल्वर अलमारी में रख रहे थे, तभी गोली चल गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 4.45 बजे की है। ऑपरेशन कर उनके पैर से गोली निकाल दी गई है। एक्टर फिलहाल खतरे से बाहर हैं। डीसीपी दीक्षित गेडाम ने बताया कि जिस समय घटना हुई उस समय गोविंदा घर में अकेले थे।

उनके पास एक लाइसेंसी रिवॉल्वर है। रिवॉल्वर से गलती से गोली चली, जो उनके पैर पर लगी। इस मामले से जुड़ी कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं है। सूत्रों के अनुसार, मुंबई पुलिस ने घटना के बाद गोविंदा की रिवॉल्वर जब्त कर ली है। दोपहर में मुंबई पुलिस उनके घर पर जांच के लिए पहुंची है। जानकारी के मुताबिक, गोली लगने से उनके पैर से काफी खून बह गया था। इलाज के लिए अंधेरी के क्रिटी केयर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। हॉस्पिटल से जुड़े सुत्रों के अनुसार, शुरुआती इलाज के बाद अब गोविंदा खतरे से बाहर हैं। उनकी बेटी टीना (नर्मदा) फिलहाल अस्पताल में उनके साथ मौजूद हैं। जबकि हादसे के समय उनकी पत्नी सुनीता आहूजा जयपुर में बाबा खाटूश्याम के दर्शन करने गई हुई थीं।

# वाराणसी के 14 मंदिरों से हटाई साईबाबा की मूर्तियां

**वाराणसी,** वाराणसी में सनातन रक्षक दल ने मंगलवार, 1 अक्टूबर को 14 मंदिरों से साई बाबा की मूर्तियां हटा दीं। दल के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि सनातन मंदिर में सनातन देवी-देवता होने चाहिए। समाजवादी पार्टी ने कहा- ये लोग काशी का माहौल खराब कर रहे हैं। इन मूर्तियों को गंगा में विसर्जित किया गया या साईं बाबा के मंदिरों में पहुंचाया जा रहा है। सनातन रक्षक दल ने अभी 100 और मंदिरों की लिस्ट बनाई है। तीन दिन पहले शहर के सबसे प्रमुख बड़ा गणेश मंदिर से साईं बाबा की मूर्ति को हटाकर गंगा में विसर्जित किया गया। पुरुषोत्तम मंदिर से भी मूर्ति हटाई जा चुकी है। इसके अलावा कई मंदिरों में सफेद कपड़े में मूर्तियों को लपेट कर रख दिया गया है।

**सनातन रक्षक दल ने 100 मंदिरों की लिस्ट बनाई, सपा बोली- माहौल बिगाड़ रहे**

### पुजारी बोले- जानकारी के अभाव में पूजा होती रही

बड़ा गणेश मंदिर के महंत रम्मू गुरु ने कहा, जानकारी के अभाव में साईं की पूजा हो रही थी। शास्त्र के अनुसार, इनकी पूजा वर्जित है। जानकारी होने के बाद स्वेच्छा से प्रतिमा हटवा दी गई। अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी ने कहा- शास्त्रों में कहीं भी साईं की पूजा का वर्णन नहीं मिलता है। इसलिए अब मंदिर में स्थापित मूर्ति हटाई जा रही है।

## अच्छी पहल — 9000 मरीज, उनके परिजन और डॉक्टर शामिल होंगे, 700 लड़कियों को फ्री एचपीवी वैक्सीन लगेंगे

# राजकोट में पहली बार होगा कैंसर योद्धाओं का गरबा

● **राजकोट/**

देश में 3 अक्टूबर से नवरात्रि शुरू हो रही है। इस बीच देश में पहली बार राजकोट में नवरात्रि की पूर्व संध्या (2 अक्टूबर) को कैंसर मरीजों के लिए एक दिवसीय गरबा होगा है। कैंसर केयर फाउंडेशन के इस कार्यक्रम में पूरे गुजरात से 3000 से ज्यादा कैंसर योद्धा, उनके परिजन, 250 से ज्यादा कैंसर स्पेशलिस्ट समेत 9 हजार लोग शामिल लेंगे। इसके साथ ही स्कूल-कॉलेजों की 700 से ज्यादा गरीब लड़कियों को भी गरबा खेलने बुलाया गया है। इन सभी लड़कियों को ग्रीवा फाउंडेशन की ओर से कैंसर रोधी वैक्सीन (एचपीवी) और मैमोग्राफी टेस्ट के लिए गिफ्ट वाउचर दिए जाएंगे। नवरात्रि का यह पूरा आयोजन निशुल्क है। इसलिए गुजरात में रहने वाले कैंसर रोगी मौके पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद भी गरबा कर सकेंगे। गरबा का



आयोजन बुधवार शाम 6 से 11 बजे तक राजकोट के न्यू 150 फीट रिंग रोड स्थित क्लब यूवी नवरात्रि ग्राउंड में किया गया है। कैंसर केयर फाउंडेशन की ज्योतिबेन शास्त्री ने बताया कि कैंसर योद्धाओं के लिए आयोजित एक दिवसीय नवरात्रि उत्सव में राजकोट समेत पूरे गुजरात के कैंसर पीड़ित और कैंसर सर्वाइवर्स अपना दुख-दर्द भूलकर गरबा खेलेंगे। मरीजों को मोटिवेशन के लिए मार्गदर्शन, दवाओं और अन्य जानकारी देने की भी व्यवस्था की गई है।

### 108 बेटियां देवी कवच का पाठ करेंगी

करीब 200 साल पहले पारंपरिक गरबा खेलने वाली युवतियां देवी कवच का पाठ का करती थीं। इस कार्यक्रम के दौरान भी 108 लड़कियां कैंसर रोगियों में नई शक्ति और ऊर्जा लाने के लिए देवी कवच ??का पाठ करेंगी। देवी कवच के पाठ के लिए लड़कियों को रोज ट्रेनिंग भी दिया जा रही है।

### फैशन शो इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज

हाल ही में राजकोट में कैंसर रोगियों के लिए एक फैशन शो भी आयोजित किया गया था। इसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया था। इसी के चलते कैंसर केयर फाउंडेशन ने अब बीमारी को लेकर जागरूकता पैदा करने और मरीजों का हौसला बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया है। इस गरबा कार्यक्रम के लिए यूवी क्लब के बिपिनभाई बेरा और उनकी टीम ने मैदान समेत अन्य व्यवस्थाएं फ्री में दी हैं।

# नेपाल में फंसे मप्र के 22 श्रद्धालु

## सभी पशुपतिनाथ के दर्शन करने गए थे

**जबलपुर/रीवा,** नेपाल में तेज बारिश के बीच मध्यप्रदेश के 22 श्रद्धालु काठमांडू में फंस गए हैं। सभी पशुपतिनाथ के दर्शन के लिए गए थे। यात्रियों के काठमांडू से लौटने के दौरान काबरे जिले में तेज बारिश के बाद नदी में बाढ़ आ गई। जिसकी वजह से ब्रिज और सड़कें पानी में बह गई और श्रद्धालु रास्ते में ही फंस गए। श्रद्धालुओं ने वीडियो के माध्यम से केंद्र और मप्र सरकार से मदद की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि हम भूखे-प्यासे हैं। सरकार हमें सुरक्षित बाहर निकाले। उनका कहना है कि भारतीय दूतावास के अधिकारी कोई मदद नहीं कर रहे हैं। 22 श्रद्धालुओं में डिंडौरी के 7, मंडला का एक, जबलपुर के 6 और रीवा के 8 श्रद्धालु शामिल बताए गए हैं। इधर, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि सबकी सकुशल वापसी के लिए भारत सरकार और नेपाल सरकार के अधिकारियों के बीच बातचीत जारी है। जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने कहा है कि जिले के 6 लोगों समेत 22 लोग फंसे हुए हैं। सभी सुरक्षित हैं। जिला प्रशासन ने एक हेल्पलाइन नंबर 07612623925 जारी किया है। इसके अलावा नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर अनुराग सिंह के मोबाइल नंबर 9713813496 पर भी प्रभावित परिवार सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। वहीं रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल का कहना है कि शासन के जरिए कोऑर्डिनेट करेंगे। इन परिवारों की वापसी के लिए जो भी बेहतर होगा, वो करेंगे।

**वीडियो कॉलिंग कर लगाई सरकार से मदद की गुहार**

# दिल्ली

## गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कविता पाठ प्रतियोगिता



गांधी जी की जीवन शैली के बारे बताती प्राचार्या मुक्ता अरोड़ा।

अंबाला शहर, अक्टूबर : देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स अंबाला शहर में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं ने गांधी जी के जीवन व उनके योगदान के संदर्भ में अपनी अपनी कविताएं प्रस्तुत की।

प्रथम पुरस्कार नवजोत कौर बी ए तृतीय वर्ष द्वितीय पुरस्कार प्रांजल बी ए प्रथम वर्ष व तृतीय पुरस्कार खुशप्रीत बी ए तृतीय वर्ष को दिया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर शुभदा ठाकुर व प्रोफेसर अनुपम शर्मा ने निभाई। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रोफेसर भावना ने बताया कि कैसे साधारण से दिखने वाले व्यक्ति देश भर में आजादी की नई लहर की शुरूआत की। उन्होंने एक लंबा संघर्ष सहा ताकि भारत के लोग एक स्वतंत्र राष्ट्र में रह सकें। कार्यक्रम का संयोजन सोशल साइंस फोरम द्वारा किया गया।

## साइकिल व बाइक रैली निकाल किया मतदान को जागरूक



हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ करते ड़ा राजीव सपरा।

अंबाला शहर, अक्टूबर : राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे लोगो को मतदान के लिए जागरूक करने को लेकर जागरूकता साइकिल व बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ ड़ा राजीव सपरा ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली बहुतकनीकी संस्थान से शुरू होकर जगाधरी गेट से वापिस आकर संस्थान मे ही समाप्त हुई। इस अवसर पर उपस्थित छात्रो ने नारे लगाकर वोटिंग के प्रति लोगो को जागरूक किया। रैली के संयोजक सुशील कुमार व हरजीत चावला थे। इस अवसर पर संस्थान प्रधानाचार्य डॉ राजीव सपरा ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व समझाते हुए जिन भी विद्यार्थियों की वोट बनी हुई है उन्हे वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष मुनीष गुप्ता, रविन्द्र सांई, पंकज कुमार, रोहित कुमार व बड़ी संख्या में रैली मे भाग लेने वाले विद्यार्थी मौजूद थे।

# जुलाना में कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी



**दिल्ली।** मोदी जी पता नहीं क्या क्या बातें करते रहते हैं भ्रष्टाचार की बात करते हैं - मुझे हंसी आती है। अरे इससे बड़ा भ्रष्टाचार क्या है की देश के सारे उद्योग आपने अपने दो मित्रों को दे दिए इस से बड़ा भ्रष्टाचार क्या हो सकता है की आप ऐसे कानून लेन जा रहे थे जिससे इस देश का किसान पिस जाएगा। लेकिन आपके दो उद्योगपति मित्रों को सब मिल जाएगा *नरेंद्र मोदी ने सब कुछ अडानी-अंबानी को दे दिया है, ऐसे में रोजगार कैसे बनेंगे? आज छोटे व्यापार और खेती किसानी से रोजगार खत्म हो चुके हैं। इस सरकार की नीतियां ही आपके खिलाफ हैं। बीजेपी अग्निवीर लेकर आई, जिसमें 4 साल की नौकरी है और कोई पेंशन नहीं है। युवा 4 साल बाद बेरोजगार हो जाए और फिर नौकरी ढूंढें। इसी तरह हरियाणा के लोगों को फैमिली ID के झांसे में फंसाकर, सरकारी सुविधाओं से दूर किया जा रहा है। *हरियाणा की जनता के साथ हर स्तर पर अन्याय हो रहा है। काले कानूनों के खिलाफ किसान दिल्ली बॉर्डर पर बैठे रहे, 750 किसान शहीद हो गए, लेकिन पीएम मोदी उनसे नहीं मिले। लेकिन जब यूपी में चुनाव आए, तब उन्होंने ये कानून वापस ले लिए। आज बीजेपी हरियाणा में 24 उपज पर MSP देने की बात कर रही है। लेकिन उनमें से 10 ऐसी फसल हैं, जो हरियाणा में किसान उगाते ही नहीं हैं। *सरकार बनाता कौन है ? नेताओं को कौन बनाता है ? क्या आपके बिना हम आगे बड़ सकते है ? आपको समझना होगा की शक्ति आपकी है ... नेताओं को अब टोकने का समय आ गया है बीजेपी पार्टी 10 सालों से यहाँ राज कर रही है आप लोगों के लिए एक काम की चीज नहीं करी है *इस देश का सुभाव है की ये देश सच्चाई को पहचानता है न्याय चाहता है और हमेशा यही लड़ाई इस देश के वसियों ने लड़ी है आप लड़ाई लड़ो- हम सब साथ में लड़ेंगे- एक नई सरकार लाओ बीजेपी के एक एक नेता को दिखाओ की ये असत्य- लूट- भ्रष्टाचार ये सब नहीं चलेगा* हरियाणा की धरती पर ही भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया और कहा- जब-जब इस दुनिया में अन्याय बढ़ेगा तो मैं आऊंगा और अन्याय के खिलाफ लड़ूंगा। गीता की सीख से ही गांधी जी ने स्वतंत्रता आंदोलन चलाया। आने वाली नवरात्रि के त्योहार में भी हम अन्याय के खिलाफ न्याय की विजय मनाएंगे। ये हमारी परंपरा है। * हरियाणा.. किसानों, जवानों और पहलवानों का प्रदेश है। कुछ साल पहले मैं अपनी बेटी को बास्केटबॉल कैंप के लिए हरियाणा लेकर आई थी। मुझे उसके कैंप से लौटने तक इंतजार करना था। जहां मैं इंतजार कर रही थी, वहां से कुछ दूरी पर एक दादाजी खेतों में कटाई कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि मुझे भी कटाई सिखाइए। उन्होंने मुझे थोड़ी कटाई सिखाई और फिर कहा कि आप थक गए होगे, घर चलो थोड़ा आराम कर लेना। मैं उनके घर गई तो उनके परिवार ने मुझे चाय पिलाई, पराठे खिलाए और ढेर सारी बातें की। इस बात को 8-10 साल बीत गए हैं। आज भी जब कभी वे घर आते हैं तो घी, गन्ना या बच्चों के लिए कुछ न कुछ लेकर आते हैं। यही अपनापन तो हरियाणा की संस्कृति और संस्कार हैं। * मेरी बेटी हरियाणा के लिए खेलती थी। एक बार मैं उसके साथ बास्केटबाल कैंप के लिए पांडिचेरी गई। वहां एक रितिका नाम की बच्ची थी, जो हरियाणा से थी और बास्केटबाल टीम की कैप्टन थी। उसे मैच के दिन 102त्उ बुखार था, लेकिन वो मेहनत के साथ खेली। हरियाणा की हर लड़की के दिल में कुछ कर गुजरने की आग होती है। विनेश ने भी ऐसा संघर्ष किया और जब मेडल जीतकर आई तो सभी को गर्व हुआ, ढट मोदी उनसे मिले। लेकिन फिर सरकार, सिस्टम से भरोसा उठ गया, क्योंकि विनेश और उसके साथियों के साथ अन्याय हुआ।

# "कृत्रिम बुद्धिमत्ता - पेशेवरों के लिए चुनौतियाँ और अवसर" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**नई दिल्ली।** 2 अक्टूबर प्रोफेशनल्स इम्पैक्ट इनिशिएटिव (पीआईआई) फोरम ने 2 अक्टूबर, 2024 को नई दिल्ली में "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - पेशेवरों के लिए चुनौतियां और अवसर" पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में एआई पेशेवरों और शिक्षाविदों ने इस उभरती हुई तकनीक के बारे में अपने विचार और साझा किये और इसके निहितार्थ पर प्रकाश डाला। अपने प्रमुख संबोधन में, डॉ. एस. काज़िम नकवी, एडीशनल डायरेक्टर, एफटीके- सूचना और प्रौद्योगिकी केंद्र, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने एआई के सावधानीपूर्वक उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई निस्संदेह विभिन्न प्रकार के व्यवसायों को हमारी अपेक्षा से अधिक बदल देगा और वित्तीय सेवाओं और ऊर्जा जैसे कई उद्योगों में दक्षता बढ़ाएगा। लेकिन किसी भी नई तकनीक को कुशलतापूर्वक अपनाने के प्रबंधन में जोखिम और कठिनाइयाँ हैं, क्योंकि इसका प्रभाव दूरगामी होता है। पीरामल फाउंडेशन के सीनीयर प्रोग्राम मैनेजर सुहैब हुसैन ने "सामाजिक भलाई के लिए एआई का उपयोगः पेशेवरों के लिए नैतिक प्रौद्योगिकी बनाने के अवसर" विषय पर बोलते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी नैतिकता का बढ़ता महत्व इस तथ्य के कारण है कि इसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। तथ्य यह है कि नई प्रौद्योगिकियां हमें अधिक एजेंसी प्रदान करती हैं, जिससे हमें ऐसे निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है जो हमें अतीत में नहीं लेने पड़ते थे। आधुनिक प्रौद्योगिकी की शक्ति के साथ, हमें अपनी नैतिकता के माध्यम से इसके नकारात्मक प्रभावों के प्रसार को स्वेच्छा से रोकना सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकी प्रयास का एक क्षेत्र है जिसे लोग दुनिया की बेहतर समझ बनाने के लिए खोज रहे हैं। क्योंकि हम बेहतर विकल्प चुनने के लिए बाधाओं को तोड़ना चाहते हैं, लेकिन यह एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि हमें नैतिकता के लिए इसके सकारात्मक उपयोग की जरूरत है। "कृत्रिम बुद्धिमत्ताः समाज के लिए एक आशीर्वाद या एक नैतिक चुनौती?" विषय पर डॉ. मुहम्मद रिजवान, डायरेक्टर, सेंटर फॉर स्टडी एंड रिसर्च, नई दिल्ली ने कहा कि जैसे-जैसे नई और मौजूदा तकनीक विकसित होती जा रही है, इंसानों को कई खतरों का सामना करना पड़ रहा है। हालाँकि, कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने मानवता की रक्षा करने की अपनी क्षमता साबित कर दी है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कुछ।

## जीएम एन कॉलेज में हरियाणा राज्य स्वच्छ भारत अभियान के नोडल अधिकारी द्वारा 'आयुष्मान भारत' विषय पर व्याख्यान



व्याख्यान के दौरान गर्ल्स बटालियन के कैडेट।

अम्बाला छावनी, अक्टूबर : वन एचआर हरियाणा गर्ल्स बटालियन के आदेशानुसार चल रहे स्वच्छता अभियान के एक हिस्से के रूप में, गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की एनसीसी गर्ल्स विंग ने कॉलेज में एक व्याख्यान का आयोजन किया जिसका विषय ह्लसंयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यः आयुष्मान भारत की भूमिकाह्व था। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ कपिल मैदान, राज्य नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत अभियान, हरयाणा रहे। उन्होंने कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए मुख्य वक्ता का आभार भी व्यक्त किया। 37 कैडेट्स ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया जिन्हे आयुष्मान भारत के कार्यकर्ता बनने के लिए डॉ कपिल मैदान ने पोर्टल का लिंक भी साझा किया। इस तरह के कार्यक्रम कैडेट्स को ज्ञान से भरते है। मंच का संचालन कैडेट स्नेहा तथा कैडेट सानिया ने बहुत बेहतरीन ढंग से किया। डॉ अनुपमा सिहाग तथा डॉ राकेश कुमार का आभार भी प्रकट किया की वे इस कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा बने।

## पेरिस में नृत्य प्रतियोगिता में विजयी छात्राएं द एसडी विद्या में सम्मानित



अंजू मिगलानी को पुष्पमाला पहना कर स्वागत करते प्राचार्या नील इंद्रजीत कौर संधू।

अम्बाला छावनी, अक्टूबर : द एसडी विद्या स्कूल के प्रांगण में पेरिस से लौटी छात्राओं को निर्देशक प्राचार्या नील इंद्रजीत कर संधू द्वारा सम्मानित किया गया। सितंबर 2024 में अखिल भारतीय सांस्करुतिक संघ ग्लोबल कोंसिल ऑफ आर्ट एंड कल्चर द्वारा 13 इंटर क्लचरल ओलंपियाड पेरिस फ्रांस में यूनेस्को के संरक्षण के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर इन सभी छात्राओं के अभिभावक व उनकी गुरु अंजू मिगलानी विशेष रूप से विद्यालय के प्रांगण में उपस्थित थे। छात्रों के अभिभावक अत्यंत प्रसन्न हुए ।उन्होंने कहा कि द एस डी विद्या ही केवल ऐसा विद्यालय है जो सभी बच्चों को नो चाइल्ड लेफ्ट बिहाइंड के तहत मंच उपलब्ध करवाता है, जिसमें प्रत्येक बच्चा मंच पर आकर अपने अंदर छुपी रचनात्मक कलाओं का प्रदर्शन करते हुए अपने अंदर आत्मविश्वास की वृद्धि करता है। विद्यालय की निर्देशक प्राचार्या नील इंद्रजीत कौर संधू ने इन विजयी छात्राओं को उनकी सफलता पर मुबारकबाद दी और उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के अध्यक्ष बीके सोनी के अनुसार विद्यालय के विद्यार्थी केवल शिक्षा में ही आगे नहीं रहते बल्कि इस प्रकार की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेकर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

## उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अंबाला शहर मतगणना केन्द्र में पोस्टल बैलेट से सबसे पहले डाला वोट



उपायुक्त पार्थ गुप्ता पोस्टल बैलेट से वोट डालते हुए।

अंबाला शहर, अक्टूबर : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने ओपीएस विद्या मन्दिर स्कूल अंबाला शहर में बनाए गए मतगणना केन्द्र में सबसे पहले पोस्टल बैलेट से अपना वोट डाला। इस मतगणना केन्द्र में 90 विधानसभाओं से डयूटी पर तैनात लगभग 1211 अधिकारी व कर्मचारी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत का प्रयोग करेंगे। इस मतगणना केन्द्र में उपायुक्त के बाद दोपहर तक लगभग 141 अधिकारियों व कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट के जरिए अपना वोट डाल चूके हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता मंगलवार को सेक्टर-9 ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में जिला निर्वाचन विभाग की तरफ से अम्बाला शहर विधानसभा के मतगणना केन्द्र में पहुंचे। इस वोट को लिफाफे में बंद किया और सील करने के उपरान्त उपायुक्त ने बॉक्स में अपना वोट डाला। उपायुक्त पार्थ गुप्ता के बाद इस मतगणना केन्द्र में दोपहर तक लगभग 141 मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने वोट का प्रयोग कर चुके थे।

# पदयात्रा के दौरान कारोबारी बोले भाजपा ने कारोबार तबाह कर दिया

- जत्थेदार ने कहा जीत मिली तो बदलकर रख दूंगा व्यवस्था



पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी का अंबाला पहुंचने पर स्वागत करते कांग्रेस नेता।

अंबाला शहर, अक्टूबर : शहर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी निर्मल सिंह ने प्रचार के जरिए विरोधियों के पसीने छुड़ाए हुए हैं।

मंगलवार को निर्मल सिंह ने जीत के लिए अंबाला शहर के प्राचीन हनुमान मंदिर से लेकर अग्रसेन चौक तक पदयात्रा की। इस दौरान होलसेल कपड़ा मार्केट समेत दूसरे बाजारों के दुकानदारों ने निर्मल सिंह का फूलामालाओं से अभिनंदन किया। साथ ही चुनाव में उन्हें हर संभव सहयोग देने का ऐलान किया। उधर जत्थेदार की जीत के लिए पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने नन्यौला व बलाना गांव में बड़ी जनसभाएं की। पंजाब के ही पूर्व मंत्री विजय इंद्र सिंगला ने भी निर्मल सिंह के लिए डटकर प्रचार कर रहे हैं।

आशीर्वाद मिला तो बदल दूंगा व्यवस्था पदयात्रा के दौरान जगह जगह निर्मल सिंह ने कारोबारियों के साथ दुकानदारों से भी मुलाकात की। कांग्रेस के सत्ता में आते ही सबसे पहले शंभू बॉर्डर खोला जाएगा ताकि कारोबारियों का राहत मिल सके। इसके बाद बुनियादी समस्याओं के समाधान को लेकर पहल की जाएगी। आठ अक्तूबर को भाजपा के दस साल के कुशासन का अंत हो जाएगा। दस साल में जितना भाजपा सरकार ने लोगों का जीना मुहाल किया। लोग अब इस सरकार से निजात पाना चाहते हैं। सिंह ने कहा कि इस बार भाजपा को ऐसा सबक सिखाना है ताकि जीवन में आन वाले समय में भाजपा का नाम लेने वाला कोई न बचे। कांग्रेस ने अंबाला शहर में बड़े नेताओं को उतार माहौल बनाना शुरू कर दिया है।

अम्बाला शहर से कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मंत्री निर्मल सिंह के समर्थन में पंजाब से बनिया समाज के बड़े नेता पूर्व मंत्री विजय इंद्र सिंगला पहुंचे और बनिया समाज से बातचीत की। इस दौरान बनिया समाज ने अम्बाला शहर में उनके साथ 10 साल हुई कारगुजारियों को बताया। जिससे पंजाब से आए बनिया समाज के नेता विजय इंद्र सिंगला काफी आहत हुए। यहां विधायक असीम गोयल को बनिया समाज ने 2 बार मौका दिया लेकिन उन्होंने अपने समाज में ही भय का माहौल बनाया यह ठीक नही है। वे बनिया समाज के साथ खड़े हैं और निर्मल सिंह को जितवाकर ही वापिस जाएंगे। विजय इंद्र सिंगला ने कहा निर्मल सिंह को जितवाने का काम करो मैं बनिया समाज के साथ खड़ा हूँ निर्मल सिंह भी बनिया समाज के साथ खड़े हैं आगे कोई दिक्कत व्यापरियों को नही आने दी जाएगी। सिंह ने प्रचार के दौरान धूलकोट रेलवे स्टेशन पर भी जाकर दैनिक रेलयात्रीयों से वोट की अपील की।

## मेजर आर एन कपूर स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में मैडल



मंच पर मौजूद प्रधानाचार्य जयदेव शर्मा के साथ विजेता खिलाड़ी।

अम्बाला छावनी, अक्टूबर : मेजर आर एन कपूर डी ए वी पब्लिक स्कूल अंबाला छावनी के प्रतिभाशाली छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रभाव डाला है और शानदार पदक और प्रशंसा हासिल की है । राष्ट्रीय खेल कलस्टर स्तर के परिणाम स्वाति ने बॉक्सिंग (46 किलोग्राम, गर्ल्स अंडर 17) में गोल्ड मेडल हासिल किया, दक्ष ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीता (42 किलोग्राम 14 वर्ष से कम आयु के लड़के) , जिमनास्टिक टीम ने टीम चैंपियनशिप जीती (19 वर्ष से कम आयु के लड़के), बास्केटबॉल टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया (19 वर्ष से कम आयु के लड़के), योगा टीम ने तीसरा स्थान जीता (14 वर्ष से कम आयु की लड़कियां) जिला स्तरीय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया टूनार्मेंट्स जिमनास्टिक में रुद्र प्रताप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिमनास्टिक में आशिमा ने अपनी टीम को पहला स्थान दिलाया । स्वाति ने बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीता, परिधि ने फेंसिंग में सिल्वर मेडल हासिल किया । प्रांजल ने तलवारबाजी में ब्रॉन्ज मेडल जीता । 57वें राज्य सत्रीय प्रतियोगिताएं रुद्र प्रताप सिंह दूसरा सर्वश्रेष्ठ जिम्नास्ट घोषित (रजत), वोल्टिंग हॉर्स पर प्रथम (स्वर्ण), पी हॉर्स पर दूसरा (रजत), आशिमा टीम चैंपियनशिप प्रथम (स्वर्ण) और द्वितीय (रजत), स्वाति बॉक्सिंग में सिल्वर जीता (11 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां और लड़के टूनार्मेंट) आनंद राज 100 मीटर (स्वर्ण) 200 मी (कांस्य) लंबी कूद (रजत) सक्षम 400 मी (स्वर्ण) अभिराज शॉट पुट (स्वर्ण) मान्या शॉट पुट (गोल्ड) । खेलो इंडिया चयन प्रतिभाशाली मुक्केबाज स्वाति को प्रतिष्ठित खेलो इंडिया कार्यक्रम के लिए चुना गया है। प्रधानाचार्य जयदेव शर्मा ने विजेताओं, शिक्षकों और पूरे स्कूल के समुदाय को बधाई दी।

## डा. अनुराधा की देखरेख में एनएसएस स्वयंसेवकों ने हर्बल गार्डन में चलाया सफाई अभियान



हर्बल गार्डन में सफाई करते एनएसएस स्वयंसेवक।

अंबाला शहर, अक्टूबर : एमडीएस कॉलेज में एनएसएस के द्वारा 17 सितंबर 2024 से शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़े का समापन कार्यक्रम किया गया। स्वच्छता पखवाड़े के समापन की अध्यक्षता प्राचार्या करमजीत कौर ने की जिसमें सर्वप्रथम उन्होंने स्वयंसेवकों को स्वच्छता के ऊपर जानकारी दी तथा बताया कि स्वच्छ रहने से ही हम स्वस्थ रह सकते हैं। इसके उपरांत एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अनुराधा की देखरेख में एनएसएस स्वयंसेवको ने हर्बल गार्डन की सफाई अभियान चलाया। इसी श्रृंखला में स्वच्छता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें रितिका ने प्रथम स्थान तथा वंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद स्वच्छता का संदेश समाज में देने के लिए स्वच्छता के लिए शपथ लेकर एमडीएसडी कॉलेज से महावीर चौक तक रैली निकाली गई। प्राचार्य करमजीत कौर ने डॉ अनुराधा को स्वच्छता अभियान के सफल समापन के लिए बधाई दी व भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य करमजीत कौर ने डॉ अनुराधा को स्वच्छता अभियान के सफल समापन के लिए बधाई दी व भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

# सड़क से संसद तक उठाएंगे बिजली की समस्या, चलाएंगे जन आंदोलन : राजकौर गिल

अंबाला, अक्तूबर : विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ-साथ सभी प्रत्याशियों की धड़कनें अब तेज होनी शुरू हो गई हैं। शह-मात के इस खेल में सभी अपनी-अपनी गोटियां फिट करने में जुटे हैं। आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार राज कौर गिल ने भी जीत के लिए पूरा जोर लगा दिया है। वह आमजन के बीच पहुंचकर उनके मुद्दों को उठा रही हैं। अपने चुनावी अभियान के दौरान गिल ने पाया कि अंबाला कैंट में बिजली की गंभीर समस्या है। बिजली की नंगी तारें, गलियों और सडकों के बीच में गाड़े गए खंभे, लोगों के घर पहुंच रहे भारी भरकम बिजली के बिल जरूरतमंद परिवारों पर किसी बोझ से कम नहीं हैं। भारी भरकम बिजली के बिल भरने के बाद भी अंबाला कैंट में 5 से 6 घंटे के बिजली के कट लगते हैं। ओपन बिजली की तारों के कारण कभी बेजुबान जानवर तो कभी स्थानीय लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। हालात यह हैं कि छोटे छोटे बच्चे बिजली की नंगी तारों के नीचे खेलने को मजबूर हैं । बार-बार कंप्लेंट करने पर भी बिजली विभाग कोई सुनवाई नहीं करता। राज कौर गिल ने लोगों से वादा करते हुए कहा कि यदि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो वह इन सभी समस्याओं का सबसे पहले हल करवाएंगी। जैसे दिल्ली और पंजाब में बिजली बिल माफ किया है वो हरियाणा में भी करेंगे। अगर विपक्ष में रहे तो सडक से संसद तक बिजली के लिए जन आंदोलन करेंगे।







अंबाला कैंट में मंच से सभा को संबोधित करती आप प्रत्याशी राजकौर गिल व उपस्थित लोग।

## उज्जवल भविष्य के लिए मतदान जरूरी है : कृष्ण कुमार



पोस्टर के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करते छात्र।

अम्बाला छावनी, अक्टूबर : तनेजा पब्लिक स्कूल में मतदान जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कृष्ण कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी, ने शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने माता पिता, रिश्तेदारों, व आस पड़ोस के अविभावको से मतदान करने के लिए संकल्प पत्र भी भरवाए थे जो उनको दिखाए। बच्चों ने मतदान जागरूकता के लिए पोस्टर भी बनाए जिनको खंड शिक्षा अधिकारी ने सराहा। साथ ही विद्यार्थियों ने बच्चों को चुनाव पक्रिया समझाने के लिए ह्य मतदान केंद्रह्व बना कर पूरी कार्यप्रणाली को समझाया। खंड शिक्षा अधिकारी ने भी मतदाता बनकर मतदान किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चो को उज्जवल भविष्य के लिए अपने मत का प्रयोग करने और करवाने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल अरुण गोयल ने खंड शिक्षा अधिकारी व कुलदीप कुमार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर निशा खन्ना, चेतना शर्मा, अरुण कुमार, अभिषेक शर्मा, कमल शास्त्री, कीर्ति गुप्ता, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# महाकुंभ-2025: प्रयागराज में जल्द ही डिजिटल कुंभ म्यूजियम बनाएगी योगी सरकार



### ›› समुद्र मंथन के 14 रत्नों की बनेगी गैलरी

सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत डिजिटल म्यूजियम में समुद्र मंथन की 14 रत्नों वाली गैलरी बनाई जाएगी। डिजिटल माध्यम से समुद्र मंथन के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। डिजिटल स्क्रीन सहित अन्य माध्यमों से प्रयागराज महाकुंभ-कुंभ, हरिद्वार,नासिक, उज्जैन कुंभ आदि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा, लैंडस्केपिंग विकसित की जाएगी। टिकट काउंटर भी बनाया जाएगा।

### वन स्टॉप सॉल्यूशन की तरह कार्य करेगा चित्रकूट टूरिज्म एप

उत्तर प्रदेश में स्थित वह पावन तीर्थस्थल जहां पर मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का लगभग 11 वर्ष व्यतीत किया। अगर वहां आप घूमना चाहते हैं तो मोबाइल में चित्रकूट टूरिज्म ऐप इंस्टाल कीजिए। यहां दर्शनीय स्थलों का नाम, महत्व, दर्शन के समय समेत समग्र जानकारी मिल जाएगी। इतना ही नहीं आप कैसे पहुंचेंगे, कहां रुक सकते हैं यह सब एप बताएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटकों की सुविधा देखते यह एप विकसित किया गया है। ऐप खोलते ही दर्शनीय स्थलों का नाम और वहां की डिटेल दिखेगी। जैसे रामघाट पर क्लिक करते ही भ्रमण का समय, स्थान का महत्व व इतिहास, तापमान, शहर से दूरी सहित अन्य जानकारी आ जाएगी। इसी तरह अन्य स्थलों की जानकारी भी उपलब्ध है। इसी तरह फेस्टिवल व इवेंट पर क्लिक करने पर महाकुंभ, चित्रकूट महोत्सव, रामनवमी, राष्ट्रीय रामायण मेला आदि की विस्तार से जानकारी दी गई है। महाकुंभ में विशेष स्नान की तिथियां, महत्व आदि के बारे सूचना दी गई है। इसके अलावा स्थानीय प्रसिद्ध खानपान, शापिंग आदि के बारे में बहुत ही गहरी जानकारी दी गई है। ऐप पर कनेक्टिविटी, ठहरने के स्थल समेत नजदीकी पेट्रोल पंप व एटीएम का विवरण भी उपलब्ध होगा।

**लखनऊ, 02 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश में दिव्य भव्य महाकुंभ 2025 को सफल बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार एक अहम पहल करने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रयागराज में पर्यटन विभाग 'डिजिटल कुंभ म्यूजियम' बनाने की तैयारी में है जहां श्रद्धालु डिजिटल माध्यमों से समुद्र मंथन देख सकेंगे। इसके अलावा, कुंभ, महाकुंभ सहित अन्य धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाले उत्तर प्रदेश के लिए महाकुंभ-2025 अवसर और चुनौती दोनों है। ऐसे में, पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं को विशिष्ट अनुभव देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज में शिवालय पार्क के पास, अरैल रोड नैनी में डिजिटल कुंभ म्यूजियम बनेगा। इसके लिए 21.38 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसमें छह करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। संग्रहालय का आकार 10,000 वर्ग मीटर होगा, जिसमें एक साथ 2000 से 2500 लोग भ्रमण कर सकेंगे। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

# अटल आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं पहुंचे इसरो



### अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित सवालों के जवाब देकर साबित की प्रतिभा

इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान इसरो (एसएसी) के डायरेक्टर निलेश देसाई ने इन छात्र-छात्राओं को अंतरिक्ष के रहस्यों की जानकारी के साथ ही भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों के बारे में भी बताया। इस दौरान दौरान निदेशक इसरो (एसएसी) एवं अन्य वैज्ञानिकों द्वारा छात्र-छात्राओं से कई प्रश्न भी पूछे गए। जैसे, चंद्रयान 2 और चंद्रयान 3 में मुख्य भिन्नता है? इस सवाल का सही जवाब अटल आवासीय विद्यालय वाराणसी की छात्रा श्वेता सत्ते ने दिया। उन्होंने बताया कि चंद्रयान 2 में ऑरबिटर था, परंतु चंद्रयान 3 में नहीं था। इसी तरह सवाल पूछा गया कि 20 जुलाई 1969 का क्या महत्व है? इस पर अटल आवासीय विद्यालय, मुरादाबाद के छात्र सचिन कुमार ने सही जवाब देते हुए बताया कि इसी दिन अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग चांद पर चलने वाले पहले व्यक्ति बने।

### ›› उत्कृष्ट अटल कार्यक्रम के विजेताओं को मिला अवसर

उत्तर प्रदेश में संचालित 18 अटल आवासीय विद्यालयों में बीते दिनों 'उत्कृष्ट अटल' प्रोग्राम के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान, मशीन क्रिएशन और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसी एडवांस एक्टिविटीज का आयोजन किया गया था। 15 दिनों तक चले विशेष कार्यक्रम में छात्रों ने विषय विशेषज्ञों से अंतरिक्ष के रहस्यों के साथ ही भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों के बारे में भी जाना, जबकि कई छात्र-छात्राओं द्वारा ऑटोमैटिक लाइट, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, स्मार्ट डस्टबिन और फुल रोवर ड्रोन के उत्कृष्ट मॉडल बनाकर अपनी रचनात्मकता भी प्रदर्शित की गई। इस कार्यक्रम के तहत इन विद्यालयों में स्पेस आर्ट और बेस्ट प्रोडक्ट डेवलपमेंट कांप्टीशन में विजेता रहे प्रत्येक विद्यालय से एक छात्र/छात्रा को विज्ञान रत्न की उपाधि दी गई तथा सभी विजेता छात्र-छात्राओं को इसरो (एसएसी), अहमदाबाद का भ्रमण कराया गया। यहां इसरो के वैज्ञानिकों के माध्यम से उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान तथा इसरो से संबंधित ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं में जाने का अवसर प्राप्त हुआ।

### खगोलशास्त्र के इतिहास और आधुनिक अंतरिक्ष मिशनों पर भी की चर्चा

निदेशक इसरो (एसएसी) द्वारा छात्रों को अंतरिक्ष अन्वेषण के मूलभूत सिद्धांतों का परिचय दिया गया। खगोलशास्त्र के इतिहास और आधुनिक अंतरिक्ष मिशनों पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला ने छात्र-छात्राओं के बीच रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया। इसरो के इस कार्यक्रम ने न केवल छात्र-छात्राओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ाया, बल्कि उन्हें भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व करने का भी अवसर प्रदान किया। भ्रमण के दौरान अटल आवासीय विद्यालय की महानिदेशक कंचन भारद्वाज, अटल आवासीय विद्यालय समिति के अपर सचिव अमित कुमार मिश्रा, विद्यालय के शिक्षक आदि लोग उपस्थित रहे।


**लखनऊ, 2 अक्टूबर।** जो बच्चे कल तक अच्छी शिक्षा को तरस रहे थे, वही बच्चे आज भारत की अंतरिक्ष विज्ञान की सबसे बड़ी एजेंसी इसरो में अंतरिक्ष के रहस्य जान रहे हैं। इन बच्चों को ये बहुमूल्य अवसर दिलाया है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने। अटल आवासीय विद्यालय की परिकल्पना करते वक्त सीएम योगी ने जो सपना देखा था आज वो साकार होता दिख रहा है। अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी छात्र एवं छात्राएं इन दिनों इसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) का शैक्षिक भ्रमण करने के लिए अहमदाबाद गए हुए हैं। यहां इन छात्र-छात्राओं को इसरो के वैज्ञानिकों के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान तथा इसरो से संबंधित ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं में सम्मिलित होने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर अटल आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के तकनीकी, कौशल एवं सर्वांगीण विकास के लिए यह अवसर उपलब्ध कराया गया है।

# गांधी जी के नेतृत्व में चला आजादी का आंदोलन अंग्रेजों के राज को समाप्त करने में रहा सफल: सीएम योगी

### ›› देश की आजादी का प्रतीक बना खादी

सीएम योगी ने कहा कि स्वदेशी जब तक भारत की आजादी का मंत्र नहीं बना था, तब तक आजादी की लड़ाई एकजुट होकर नहीं दिख रही थी। भारत की आजादी के आंदोलन के साथ महात्मा गांधी का जुड़ना और उसे स्वदेशी के साथ जोड़ने का जो अभियान रहा, इससे आजादी के लिए हर नागरिक के मन में गौरव व स्वावलंबन का भाव जागृत हुआ। खादी उसका प्रतीक बना।





**लखनऊ, 2 अक्टूबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजादी के महानायक थे। महात्मा गांधी द्वारा राष्ट्र और मानवता के लिए किए गए उनके योगदान के प्रति देश कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है। मान्यता थी कि ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य कभी अस्त नहीं होता था, लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चला आजादी का आंदोलन उनके सूर्य को अस्त करने में सफल रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी की जयंती पर क्षेत्रीय गांधी आश्रम में अपने विचार रखे। यहां उन्होंने चरखा चलाया और भजनों का आनंद लिया। सीएम ने यहां खादी के वस्त्रों की खरीदारी भी की। फिर ऑनलाइन पेमेंट भी किया।

### ›› 12 करोड़ घरों में शौचालय निर्माण नारी गरिमा के गौरव को बढ़ाने का अभियान

सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति उन अभियानों को ऊंचाई देना है, जिनकी प्रासंगिकता न केवल 100 वर्ष पहले, बल्कि आज भी उसी रूप में बनी है। जिस मिशन को पीएम मोदी ने दस वर्ष पहले प्रारंभ किया थाा, वह आज भी नई ऊंचाई को प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। देश में 12 करोड़ से अधिक घरों में शौचालयों का निर्माण न केवल स्वच्छता के प्रति उनके आग्रह, बल्कि नारी गरिमा के गौरव को बढ़ाने का अभियान भी है। नारी सशक्तिकरण के बिना समाज को स्वावलंबी नहीं बना सकते। स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, स्वदेशी व स्वावलंबन के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वचनों की प्रासंगिकता आज भी बनी है।

# सादगी, सदाचार, शुचिता व कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक पुरुष थे शास्त्री जी: मुख्यमंत्री



**लखनऊ, 2 अक्टूबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर उन्हें नमन किया। सीएम योगी ने शास्त्री भवन पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस दौरान विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, लालजी प्रसाद निर्मल, मुख्य सचिव मनोज सिंह आदि मौजूद रहे। 'जय जवान-जय किसान' के उद्घोष से शास्त्री जी ने राष्ट्र में नवचेतना का संचार किया था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि सादगी, सदाचार, शुचिता व कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक पुरुष थे। 'जय जवान-जय किसान' के उद्घोष से राष्ट्र में नवचेतना का संचार करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। लोकतंत्र की 'पाठशाला' थे शास्त्री जी: सीएम योगी सीएम ने लिखा कि भारतीय राजनीति में सादा जीवन-उच्च विचार सिद्धांत के श्रेष्ठतम प्रतीक पुरुष थे। वे लोकतंत्र की 'पाठशाला' थे।

# कर्मठता, अनुशासन, पारिवारिक संस्कारों के साथ पीएम मोदी का हर काम देश के नाम: सीएम योगी



**लखनऊ, 2 अक्टूबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तिगत जीवन अनुशासन व सादगी से भरा है। सामान्य नागरिक, कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने शून्य से यात्रा प्रारंभ की। अपनी कर्मठता, विचार परिवार से मिले अनुशासन, पारिवारिक संस्कारों के जरिए हर काम देश के नाम के लक्ष्य के साथ उन्होंने जीवन को आगे बढ़ाया तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संवैधानिक प्रमुख (भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री) के रूप में हम सभी का नेतृत्व कर रहे हैं। आर. बाला सुब्रमण्यम की पुस्तक उनके विस्तृत स्वरूप का उल्लेख करती है। हर किसी को इस पुस्तक का हर किसी को अवलोकन करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में आयोजित सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी को संबोधित किया। सीएम योगी ने आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। यह कार्यक्रम लखनऊ समेत प्रदेश के अनेक जनपदों में भी आयोजित किया गया। सीएम योगी ने कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्मदिवस पर उन्हें नमन करते हुए उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला। ऊंचाई तक पहुंचाने और विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों के प्रतिफल को इस पुस्तक के माध्यम से देश-दुनिया के सामने रखने का प्रयास किया गया है।

### पीएम मोदी के व्यक्तित्व को प्रस्तुत करती है पुस्तक

सीएम योगी ने कहा कि आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक 'पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी' पीएम के संपूर्ण व्यक्तित्व को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करती है। यह केवल पुस्तक नहीं है, बल्कि शून्य से शिखर की यात्रा का नाम है, जिसे नया भारत न केवल देख रहा है, बल्कि उसके अनुसार जीवन भी जी रहा है। मोदी जी के सक्षम व विजनरी लीडरशिप में नए भारत का दर्शन हो रहा है। वे सेवा के संकल्प की जिस यात्रा को लेकर बढ़े हैं, उसे समृद्धि की नई

## आईआईटी धनबाद में एडमिशन पाने वाले दलित छात्र अतुल कुमार की मदद करेगी योगी सरकार

**लखनऊ, 02 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले दलित छात्र अतुल कुमार को आईआईटी धनबाद में प्रवेश दिलाने के लिए अब योगी सरकार मदद के लिए आगे आई है। प्रदेश की छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत, समाज कल्याण विभाग आईआईटी में लगने वाली पूरी फीस को स्कॉलरशिप के माध्यम से वहन करेगा, जिससे अतुल की शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। मुजफ्फरनगर जिले के खतौली तहसील के टिटोडा गांव के निवासी राजेंद्र कुमार, जो एक दिहाड़ी मजदूर हैं, के बेटे अतुल कुमार का आईआईटी धनबाद में प्रवेश फीस जमा न हो पाने के कारण रुक गया था। अतुल ने आईआईटी जेईई परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग शाखा में सीट पाई थी, लेकिन 24 जून तक फीस जमा न कर पाने के कारण उसका एडमिशन अटक गया। परिवार ने सभी प्रयास करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप और मामले के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में आने के बाद सरकार ने छात्र की पूरी मदद करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने तुरंत निर्देश देते हुए अतुल के लिए हरसंभव सहायता सुनिश्चित करने को कहा। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने छात्र के परिजनों से फोन पर बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य सरकार छात्र की पूरी पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। साथ ही, योगी सरकार ने आईआईटी धनबाद से भी संपर्क कर एडमिशन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की इस पहल के अंतर्गत, न केवल छात्र अतुल की शुरूआती फीस जमा की जाएगी, बल्कि चार साल की पूरी पढ़ाई के दौरान लगने वाली फीस भी स्कॉलरशिप के माध्यम से दी जाएगी। इस फैसले से प्रदेश सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों के छात्रों को उनकी प्रतिभा के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कोई अड़चन नहीं आने दी जाएगी।

# काम आई योगी सरकार की सख्ती और प्रोत्साहन की नीति

**लखनऊ, 2 अक्टूबर।** पराली जलाने को लेकर योगी सरकार की सख्ती और प्रोत्साहन की नीति कामयाब रही। दरअसल, योगी सरकार किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और जलाने की बजाय उनकी कम्पोस्टिंग करने या सीड ड्रिल से पराली के बीच ही बिना जोते ही गेहूं बोने से होने वाले लाभ को समझाने में सफल रही। इस नीति की वजह से सात वर्षों में पराली जलाने की घटनाओं में करीब 46 फीसद की कमी आई है। 2017 में पराली जलाने की 8784 घटनाएं हुई थीं। 2023 में ये घटकर 3996 हो गईं। किसानों को जागरूक करने का यह सिलसिला इस सीजन में भी जारी है। साथ ही सरकार पराली की खेत में ही कम्पोस्टिंग के लिए 7.5 बायो डी कंपोजर भी उपलब्ध करवा रही है। एक बोतल डी कंपोजर से एक एकड़ खेत की पराली की कम्पोस्टिंग की जा सकती है। मालूम हो कि पराली जलाने पर 15 हजार रुपये जुमार्ने का प्रावधान है।

**›› पराली जलाने के दुष्प्रभाव**

अगर आप कटाई के बाद धान की पराली जलाने की सोच रहे हैं तो रुकिए और सोचिए। आप सिर्फ खेत नहीं उसके साथ अपनी किस्मत खाक करने जा रहे हैं। क्योंकि, पराली के साथ फसल के लिए सर्वाधिक जरूरी पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) के साथ अरबों की संख्या में भूमि के मित्र बैक्टीरिया और फफूंद भी जल जाते हैं।

**›› पराली में छिपा है पोषक तत्वों का खजाना**

शोधों से साबित हुआ है कि बचे डंठलों में एनपीके की मात्रा क्रमशः 0.5, 0.6 और 1.5 फीसद होती है। जलाने की बजाय अगर खेत में ही इनकी कम्पोस्टिंग कर दी जाय तो मिट्टी को यह खाद उपलब्ध हो जाएगी। इससे अगली फसल में करीब 25 फीसद उर्वरकों की बचत से खेती की लागत में इतनी ही कमी आएगी और लाभ इतना ही बढ़ जाएगा। भूमि के कार्बनिक तत्वों, बैक्टिरिया फफूंद का बचना, पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग में कमी बोनस होगा। गोरखपुर एनवायरमेंटल एक्शन ग्रुप के एक अध्ययन के अनुसार प्रति एकड़ डंठल जलाने पर पोषक तत्वों के अलावा 400 किग्रा उपयोगी कार्बन, प्रतिग्राम मिट्टी में मौजूद 10-40 करोड़ बैक्टीरिया और 1-2 लाख फफूंद जल जाते हैं।

**›› अन्य लाभ**

फसल अवशेष से ढकी मिट्टी का तापमान नम होने से इसमें सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ जाती है,जो अगली फसल के लिए सूक्ष्म पोषक तत्व मुहैया कराते हैं। इतना ही नहीं, अवशेष से ढकी मिट्टी की नमी संरक्षित रहने से भूमि के जल धारण की क्षमता भी बढ़ती है। इससे सिंचाई में कम पानी लगने से इसकी लागत घटती है। साथ ही दुर्लभ जल भी बचता है।

**›› विकल्प**

डंठल जलाने की बजाय उसे गहरी जोताई कर खेत में पलट कर सिंचाई कर दें। शीघ्र सड़न के लिए सिंचाई के पहले प्रति एकड़ 5 किग्रा यूरिया का छिड़काव कर सकते हैं। इसके लिए कल्चर भी उपलब्ध है।

# विद्यालय में गांधी जयंती मनाई गई

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** नगर के विद्यालय पुरूषोत्तम शरण राममूर्ति सरस्वती कन्या इन्टर कॉलेज में गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती बड़े हर्षौल्लास से ध्वजारोहण कर मनाई गई इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा झंडागान सुंदर गीत व भाषण प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंकिता शर्मा जी ने बताया कि आज 2 अक्टूबर को पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती माना रहा है आज गांधी जी की 155वीं जयंती पर बापू को व उनके महान कार्य विचारों व आजादी में दिए उनके योगदान को याद कर रहा है उन्होंने बताया कि आजादी की लड़ाई में गांधी जी के नेतृत्व में ऐसे कई आन्दोलन हुए भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की कमर तोड़ कर रख दी इन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया इन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त छुआछूत जैसी बुराईयों के प्रति आवाज उठाई वो चाहते थे कि ऐसा समाज बने जिसमें सभी को बराबरी का दर्जा हासिल हो क्योंकि सभी को एक ही ईश्वर ने बनाया है उनमें किसी से भी भेदभाव नहीं करना चाहिए वहीं शास्त्री जी के बारे में बताया कि शास्त्री जी ने देश के जवान और किसानों और स्वाभिमान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महान पुरूष रहे है आज पूरा देश इन दोनों महापुरुषों को शत शत नमन कर श्रृद्धांजलि अर्पित कर उनको याद कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंकिता शर्मा श्रीमती सुषमा रस्तौगी श्रीमती नेहा रस्तौगी अंकित चौहान अशोक कुमार सुधांशु शर्मा नीतू आंचल अल्बर्ट मुक्ता सारस्वत गरिमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सैद नंगली में ध्वजारोहण किया गया

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/ सैद नंगली।** बुधवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से मार्गदर्शित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सैदनगली अमरोहा में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती तथा देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 120 में जयंती के उपलक्ष में विद्यालय में लंबे समय से सेवारत वयोवृद्ध सेवाकर्मी निरंजन सिंह (ताऊजी) द्वारा ध्वजारोहण किया गया! विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ पुनीत गुप्ता, प्रबंधक अशोक पैसल तथा प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ पुनीत गुप्ता, प्रबंधक अशोक पैसल, प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय, राम सिंह, रणजीत सिंह, तोताराम , दिनेश कुमार शर्मा , सेवा कर्मी टोड़ी सिंह व मुनेश आदि उपस्थित रहे।

# सड़क पर शवों को रखकर परिजनों ने लगाया जाम, मृतकों के परिजनों को 50/50 लाख मुआवजा दिया जाए

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/रहरा।** ज्ञात रहे की थाना क्षेत्र के गांव बुरावली में सोमवार की देर रात सड़क हादसे में प्रशांत (19)व हरिराज (22) की मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव गांव बुरावली पहुंचे तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। इसके बाद मांगों को लेकर गुस्साएं परिजनों व ग्रामीणों ने दोनों शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। करीब पौने दो घंटे तक जाम लगा रहा इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस से जमकर तीखी नोंक झोंक हुई। आक्रोशित ग्रामीणों को देख सर्किल की पुलिस फोर्स को मौके पर बुला लिया गया। वही जाम की सूचना पर तहसीलदार मूसाराम व अधिकारी गण भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पीड़ितों के द्वारा तहसीलदार को मांग पत्र देते हुए सात मांगें रखी मृतक हरीराज मृतक प्रशांत के परिवार के लोगों को 50-50 लाख की धनराशि दिलाई जाए। दोनों मृतक के परिवार के किसी जिम्मेदार व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिलाई जाए। मृतक प्रशांत की माता को पेंशन की व्यवस्था कराई जाए हरिराज की पत्नी को भी पेंशन की व्यवस्था की जाए तथा सरकारी आवास दिलाए जाएं। वहीं मृतक हरीराज के नवजात शिशु की पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था कराई जाए। सरकार द्वारा संचालित सड़क दुर्घटना योजना से संबंधित धनराशि मृतकों के परिजनों को दिलवाई जाए। तहसील दार ने परिजन व ग्रामीणों की पांच मांगों को मानने का अश्वासन दिया इसके बाद पौने दो घंटे के बाद जाम को खोल दिया गया जाम के दौरान वाहनों की लम्बी कतार लग गई वाहन चालकों को भी जाम खुलने का इंतजार रहा इस दौरान अधिकारी गण क्राइम इंस्पेक्टर बालेंद्र सिंह ,रहरा थाना प्रभारी अलका चौधरी,एस आई आदेश पांचाल, सत्येंद्र कुमार, लेखपाल सुनील कुमार ,तहसीलदार मूसाराम एस आई महेंद्र कुमार व भारी संख्या में पुलिस कर्मी व कई गांव के ग्राम प्रधान व भीम आर्मी के कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के विचार एवं सिद्धांत आज के परिवेश में आदर्श एवं अनुकरणीय:-सुरमित गुप्ता एडवोकेट

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** तहसील हसनपुर परिसर में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी सुनीता सिंह ने कहा गांधी जी का जीवन समाज के लिए आदर्श है, महात्मा गांधी के जीवन पर अनेक शोधार्थियों द्वारा आज भी शोध किया जा रहे हैं। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और अनुकरणीय है। तहसीलदार मूसाराम ने कहा हमें महात्मा गांधी के सत्य ,अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अंत्योदय के विचार को आत्मसात करना चाहिए। बार महासचिव सुरमित गुप्ता एडवोकेट ने कहा महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के विचार एवं सिद्धांत आज के परिवेश में आदर्श एवं अनुकरणीय है। श्री गुप्ता ने कहा शास्त्री जी की ईमानदारी, सादगी तथा राजनीतिक सिद्धांत एवं राष्ट्रवाद भारतवासियों के लिए आदर्श है। कार्यक्रम का संचालन राजस्व निरीक्षक नन्हे सिंह आर्य ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपजिलाधिकारी सुनीता सिंह, तहसीलदार मूसाराम , तहसीलदार भारत प्रताप सिंह, बार महासचिव सुरमित गुप्ता एडवोकेट, मुजाहिद चौधरी , चंद्रसेन अग्रवाल, विजेंद्र गहलोत, रजिस्ट्रार कानूनगो मुनीष शर्मा, हरवीर सिंह, दीपक चौधरी, अशोक अग्रवाल, यूनुस अली, आदि मौजूद रहे।

# खड़े दो ट्रैकों से 160 लीटर डीजल चोरी, दी तहरीर

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** बुदवार को ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के नजदीक खड़े दो ट्रैकों से बीती रात्रि 160 लीटर डीजल चोरी की कोतवाली में तहरीर देकर पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को नगर के मोहल्ला मनापुर निवासी महेंद्र सिंह आर्य पुत्र हरज्ञान सिंह का आरोप है कि उनकी हिमांशु इंडियन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी सहसोली रोड क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में है। जहां बीती रात्रि लोनी गाजियाबाद गैस गोदाम से दो ट्रक गैस के आए हुए थे। और गोदाम के अंदर जगह नहीं होने के कारण गैस एजेंसी के बराबर में दोनों ट्रक खड़े करा दिए थे। जहां स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर आए चोरों ने एक ट्रक से 120 लीटर तथा दूसरे तक से 40 लीटर डीजल चोरी कर लिया। जैसे ही शोरगुल किया तो चोर स्विफ्ट डिजायर कार में बैठकर फरार हो गए। वहीं घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फिलहाल पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# करनाल

## आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करके फसल अवशेष प्रबंधन करें

**करनाल :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे धान की पराली को ना जलाएं। पराली जलाने से कई गंभीर स्वास्थ्य और पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती हैं। धान की पराली जलाने से वायु में प्रदूषण बढ़ता है, जिससे ब्रोंकाइटिस, आंखों में जलन और वातावरण में दुर्गंध जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। इसके अलावा, सडक किनारे पराली जलाने से धुएं और धुंध के कारण सडक दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। पराली जलाने का नकारात्मक प्रभाव केवल हवा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह मिट्टी की सेहत पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। पराली जलाने से मिट्टी में पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्मजीव मर जाते हैं, और पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी बंजर हो जाती है। प्रशासन द्वारा पूरे जिले में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। किसानों से अनुरोध है कि वे पराली जलाने के स्थान पर आधुनिक उपकरणों का प्रयोग कर फसल अवशेष प्रबंधन करें और उन्होंने जिला के सभी किसानों से आग्रह किया कि वे पराली न जलाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

## हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के दौरान एग्जिट पोल पर रहेगी पाबंदी

**करनाल :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत चुनाव आयोग के निदेशानुसार हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के चलते लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क की उपधारा एक व भारत आयोग की अधिसूचना की उपधारा 2 के दृष्टिगत 18 सितंबर 2024 को सुबह 7 बजे से 5 अक्टूबर 2024 को शाम 6.30 बजे तक मतदान समाप्ति के आधे घंटे बाद तक कोई भी व्यक्ति और मीडिया किसी भी प्रकार का एग्जिट पोल का आयोजन नहीं कर सकता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा का कोई उल्लंघन करता है तो उसको दो वर्ष तक का कारावास या जुमार्ना अथवा दोनों दंड दिए जा सकते हैं। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना की जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन करना सभी का कर्तव्य है। हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क व भारत निर्वाचन आयोग की उप धारा दो के उपबंधों के दृष्टिगत कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा। इसके अलावा किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम को प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन, प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रचार नहीं करेगा। अगर कोई भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा।

## कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में कौताही न बरते, रिटर्निंग अधिकारी राजेश कुमार सोनी

**घरौंडा, अक्तूबर :** घरौंडा के रिटर्निंग अधिकारी राजेश कुमार सोनी ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2024 को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए भारतीय चुनाव आयोग द्वारा विशेष हिदायतें जारी की गई है। कोई भी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में कौताही न बरते। ऐसा करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि निदेशक, डिप्टी प्रोजेक्टर, एचआर ऑप्रिशनल पॉयलेट प्रोजैक्ट करनाल कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के ट्रेसर गौतम जैन की ड्यूटी 26 सितम्बर को डीएवी पीजी कॉलेज में ट्रेनिंग एवं होम वोटिंग के लिए लगाई गई थी, लेकिन उक्त कर्मचारी न तो ट्रेनिंग एवं होम वोटिंग ड्यूटी के लिए हाजिर हुआ और न ही 30 सितम्बर को फैसिलिटेशन सैंटर पर उपस्थित हुआ। उन्होंने बताया कि उक्त कर्मचारी को विभागीय पत्र के माध्यम से 28 सितम्बर को चुनावी ड्यूटी से अनुपस्थिति बारे नोटिस जारी किया गया, लेकिन पत्र का कोई जवाब नहीं दिया। इसके उपरांत कर्मचारी से दुरभाष के माध्यम से सम्पर्क किया गया, उक्त कर्मचारी ने ड्यूटी पर आने बारे कोई रूचि नहीं दिखाई है। इसलिए उक्त कर्मचारी के विरूद्ध भारत निर्वाचन आयोग व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत एफआईआर दर्ज कार्यवाही अमल में लाई गई है।

## रक्तदान करके हम मानवता की सेवा में दे सकते है अपना अहम योगदान : डा. ज्ञानी देवी



छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्या डा. ज्ञानी देवी।

**नीलोखेड़ी :** गुरु ब्रह्मानंद कन्या महाविद्यालय अन्जनथली में यूथ रेड क्रॉस प्रकोष्ठ की ओर से रक्तदान दिवस के उपलक्ष में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी सदस्या श्वेता धीमान ने छात्राओं व उपस्थित प्राध्यापिकाओं को रक्तदान की आवश्यकताओं और महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया और आकस्मिक दुर्घटना जैसी चिकित्सकीय स्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है। 18 वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक के सभी स्वस्थ महिला और पुरुष रक्तदान कर सकते हैं और इस प्रकार बहुत से लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ ज्ञानी देवी ने कहा कि मानव जीवन की सार्थकता इसी बात में है कि हम आवश्यकता पड़ने पर अन्य व्यक्तियों के जीवन की रक्षा कर सकें। रक्तदान करके हम मानवता की सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं। समस्त कार्यक्रम का संयोजन और संचालन यूथ रैडक्रॉस प्रभारी प्रोफेसर दलवीर कौर ने किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## हिंदी विश्व की प्रथम स्थान पर बोली और समझी जाने वाली भाषा



कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते डा. रणधीर सिंह।

**करनाल :** एमएसएमई भारत सरकार के करनाल कार्यालय के तत्वावधान में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कविता पाठ प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता व नोटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह के अवसर पर संस्थान के सहायक निदेशक राजभाषा सतपाल ने मुख्य वक्ता डॉ. रणधीर सिंह अध्यक्ष स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, दयाल सिंह कॉलेज करनाल का स्वागत करते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमारी संस्कृति, हमारा राष्ट्रीय गौरव और हमारी पहचान है। मुख्य वक्ता दयाल सिंह कॉलेज करनाल के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ रणधीर सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदी भाषा-साहित्य और संस्कृति हमें हमारी जड़ों से जोड़ती हैं। हिंदी भाषा सदियों से राजकाज की भाषा रही है। आज जरूरत है कि हिंदी को एक प्रौद्योगिकी की तरह विकसित किया जाए, जिससे साहित्य भी बाजार तक पहुंचे और बाजार भी हिंदी में उतर सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समन्वयक राजभाषा पूनम सलूजा ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के अंतिम दिनों में आजादी और हिंदी एक-दूसरे की पूरक बन गई थी। इस अवसर पर संस्थान के सभी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरियाणा में बनेगी कांग्रेस की सरकार : सुमिता सिंह

# आठ अक्तूबर के बाद भाजपा का नाम लेने वाला भी कोई नहीं होगा

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुमिता सिंह ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आ रही है। आठ अक्तूबर के बाद प्रदेश में भाजपा का नाम लेने वाला भी कोई नहीं होगा। 10 साल भाजपा का कुशासन झेलनी वाली जनता ने अब कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है। बुधवार को सुमिता सिंह ने मंगल कालोनी, सेक्टर 14, सेक्टर 16, जरीफाबाद, पूंडरक, कलामपुरा, आनंद विहार कालोनी, रविदासपुरा, कपडि?ा मोहल्ला, बैंक कालोनी, सेक्टर 13, मुगल कैनाल, सेक्टर नौ, घुस घाटी व रामनगर में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान जनता का भारी समर्थन मिला। बुजुर्गों ने आशीर्वाद देते हुए कहा सुमिता सिंह को विधायक बनाकर चंडीगढ़ भेजेंगे। युवाओं ने नारे लगाए सुमिता सिंह आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं। जनसभाओं में फूल मालाओं से लाद कर सुमिता सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा को झटका देते हुए कई वरिष्ठ व युवा नेता कांग्रेस में शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से के.के. पाहवा बूथ प्रमुख सेक्टर 14, अशोक बहल



सहज शक्ति प्रमुख, सुभाष त्रेहन मेंबर्स स्टेट टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन ने कांग्रेस ज्वाइन की। सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस में सभी कार्यकताओं का मान-सम्मान किया जाता है। आज जो लोग भाजपा छोडकर कांग्रेस में आए हैं उनका सम्मान बढ़ाने का काम करेंगे। सुमिता सिंह ने कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए बताया कि 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर कर्मचारियों की 10 वर्षों की मांग को पूरा किया जाएगा। बुजुर्गों का सम्मान बढ़ाते हुए छह हजार रुपए पेंशन दी जाएगी। सुमिता सिंह ने कहा कि वह करनाल की ?

## भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनन्द को जनसम्पर्क कार्यक्रमों में जनता का मिल रहा भरपूर समर्थन ब्रिज गुप्ता

**करनाल, सुखविंदर सोही**

**करनाल** से भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनन्द ने आज अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत आज गुरुनानकपुरा, न्यू सब्जी मंडी, शांतिनगर, सैक्टर-7, कर्ण विहार, गऊशाला रोड, गडरिया मौहल्ला, पालनगर, ट्रैफिक आईजी ऑफिस सैक्टर-7, बांसो गेट, सैक्टर-7 एवं सैक्टर-13 में पहुंचे, जहां उन्होंने नगरवासियों से पांच तारीख को कमल के निशान पर मोहर लगाने की अपील की। उन्होंने आज अपने अभियान की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर उनके आदर्शों और विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें पुष्प अर्पित कर-के की। जगमोहन आनन्द ने कहा कि महात्मा गांधी के के सत्य और अहिंसा के मार्गदर्शन से हम सभी को प्रेरणा मिलती है कि हम एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। गांधी जी के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। आइए, हम सब मिलकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लें। इसके पश्चात श्रीमती विनी धीमान द्वारा सेक्टर 7 में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर जनता से मिलकर वोट की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्नेह और समर्थन दिया और करनाल के विकास के लिए भाजपा के प्रति अपना विश्वास जताया। जगमोहन



आनन्द ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि करनाल की प्रगति के लिए भाजपा को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। जिस प्रकार आप लोगों ने केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है, उसी प्रकार हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का काम करें ताकि हरियाणा विकास के पथ पर ओर तेज गति से बढ़े। इसके बाद राजेन्द्र राणा प्रधान मंदिर सभा और जीतेन्द्र विज जी द्वारा करण विहार करनाल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और जनता से मिलकर वोट की अपील की। कार्यक्रम मे?

# पराशक्तियों की कृपा से अकल्पनीय सफलता पाना संभव : महासाध्वी प्रमिला





प्रवचन करते हुए महासाध्वी प्रमिला व उपस्थित श्रद्धालु।

- मासिक श्रद्धालु संगम में उमड़ी श्रद्धा

करनाल, अक्तूबर : महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपन्न हुआ। उमस भरी गर्मी के बावजूद दर्शनार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। साध्वी जागृति, जयपाल सिंह, कर्मवीर, पुष्पा गोयल, नितिन जैन आदि ने सुमधुर भजनों से समां बांधा और भक्ति के अद्भुत माहौल में डुबोया। लक्खां तर गए लक्खां ने तर जाना जिन्हां ने तेरा नाम जपिया, जिसकी उंगली पर चलता है यह संसार है, वो कोई और नहीं मेरा घंटाकर्ण दातार है, जब-जब तेरा भक्त कहीं कोई रोता है आंख के आंसू से चरण को धोता है अक्सर तन्हाई में तुझे पुकारे, न जोर दिल पर चले, हम हारे-हारे-हारे तुम हारे के सहारे आदि भजनों ने सभी की हृदयतंत्रियों को झंकार दिया। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति में भक्ति आत्मा को परमात्मा तक पहुंचाने का माध्यम है। भक्तिपूर्ण समर्पण से असंभव को भी संभव किया जा सकता है और पराशक्तियों की दैवी कृपा से अलौकिक सफलता पाई जा सकती है। श्री घंटाकर्ण जी महाप्रभावी भक्तवत्सल देवता है जिनकी कृपा व्यक्ति को निहाल तथा मालामाल कर देती है। इनमें भक्तों के संकटों को टालकर भक्त के जीवन को निर्विघ्न बनाने की अप्रतिम क्षमता है। आरती तथा प्रीतिभोज की सेवा श्री प्रवीण गुप्ता (प्रकाश उद्योग, करनाल) की ओर से रही। अंत में बृहद घंटाकर्ण स्तोत्र सुनाया गया। सुखड़ी की प्रभावना बांटी गई। सारा दिन मंदिर परिसर में भक्तों की भारी चहल-पहल रही।

## भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार 3 अक्तूबर को सायं 6 बजे बंद हो जाएगा चुनाव प्रचार

**करनाल :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के लिए 5 अक्तूबर को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक ईवीएम के माध्यम से मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार 3 अक्तूबर 2024 को सायं 6 बजे के बाद चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय सीमा के बाद सभी राजनैतिक दलों के बाहरी व्यक्तियों यानि राजनीतिक प्रचारक जो इस विधानसभा से संबंधित नहीं हैं, उन्हें विधानसभा क्षेत्र छोडना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मतदान के दिन केवल एक वाहन चुनाव लडने. वाले प्रत्याशी, एक उसके चुनाव एजेंट द्वारा तथा एक वाहन संबंधित प्रत्याशी के कार्यकताओं के लिए स्वीकृत है। इसके अतिरिक्त चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कार्य के लिए कोई भी वाहन चलाना प्रतिबंधित रहेगा। मतदान के दिन वाहन के अगले शीशे पर प्रशासन द्वारा अनुमति आदेश लगाना सुनिश्चित करें। मतदाता चुनावी स्लिप पर किसी भी प्रत्याशी का नाम व चुनाव चिन्ह आदि नहीं होना चाहिए। मतदान केंद्र की 100 मीटर की दूरी में प्रचार सामग्री से संबंधित कोई भी सामान जैसे पोस्टर व बैनर प्रतिबंधित हैं।

## जिला न्यायालय परिसर में सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित



जिला न्यायालय परिसर में सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर।

**करनाल :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने गांधी जयंती के उपलक्ष्य मे कैम्पेन स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर मे सफाई कर्मचारियों को फूल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके साथ सभी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट भी उपस्थित थे। जिला न्यायालय में एसबीआई बैंक के सौजन्य से कूड़ेदान रखे गए। सभी सफाई कर्मचारियों को रिफ्रशमेंट भी प्रदान की गई। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने जिला ए डी आर सैंटर में कैम्पेन स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत परिसर मे स्वच्छता हेतु संबधित विभाग से बैठक कर आवश्यक दिशा -निर्देश दिए व नगरपालिका द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए उनकी प्रशंसा की।

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और वीवीपीएटी मशीनों का निर्वाचन कमीशनिंग पूरी

**नीलोखेडी सुखविंदर सिंह सोही**

**नीलोखेड़ी।** विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और वीवीपीएटी (वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीनों का निर्वाचन क्षेत्र-वार कमीशनिंग पूरी की जा चुकी है। यह प्रक्रिया संबंधित उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी की गई। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की सुविधा के लिए 2&0 मतदान केंद्र बनाये गए हैं।





रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान सभी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग की जाती है, तदोपरांत, ईवीएम में बैलट पेपर लगाया जाता है और प्रक्रिया पूरी होने के बाद मशीनों को स्ट्रांगरूम में तैयार करके लॉक कर दिया जाता है। सभी मशीनों को राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थित में सील करके स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया। उन्होंने बताया कि मतदान सम्पन्न करवाने को लेकर मशीनों में कहीं कोई त्रुटि ना रहे इसको लेकर यह प्रक्रिया पूरी की गई है। मशीनों का परीक्षण करने के लिए चुनाव अधिकारियों द्वारा निर्धारित वोटों की एक विशिष्ट संख्या डाली जाती है। यह प्रक्रिया सभी उम्मीदवारों की मौजूदगी में सम्पन्न होती है।

## ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

निसिंग, अक्टूबर। गांव बस्तली के आर्य विद्यापीठ के छात्रों ने मंगलवार को शतप्रतिशत मतदान के लिए गांव में जागरूकता रैली निकाल ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली को हरी झंडी देकर स्कूल संचालक कृष्ण आर्य व सीमा आर्य ने रवाना किया। रैली डीपीई संजय चौधरी के नेतृत्व में छात्रों ने गांव की मख्य गलियों में पहुंच ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। डीपीई संजय चौधरी ने कहा कि पांच अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपने हलका के विधायक को चुनने के लिए हम सबको शत प्रतिशत मतदान करना होगा। इस मौके पर रविकांत शर्मा, कमलजीत कौर व मनीषा कौशल सहित अन्य ने सहयोग दिया।

## ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में भ्राता निरवैर को श्रद्धांजलि



भ्राता निरवैर के संपूर्ण अव्यक्त कमार्तीत होने पर श्रद्धांजलि देते उपस्थितजन।

**चौहान करनाल :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात सेवा केंद्र में विश्वविद्यालय के जनरल सैकेट्री भ्राता निरवैर के संपूर्ण अव्यक्त कमार्तीत होने पर उनके निमित श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगी भ्राता ब्रह्माकुमार निरवैर ने अपना संपूर्ण जीवन जन कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने नौ वर्ष नौ सेना में सेवाएं दी। इसी दौरान उनका संपर्क ब्रह्माकुमारीज से हुआ। मुंबई में ब्रह्माकुमारी संस्था के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा से जब उनकी प्रथम मुलाकात हुई वह उनसे बहुत अधिक प्रभावित हुए। 1959 में वह प्रथम बार ब्रह्मा बाबा के संपर्क में आए। 1963 में उन्होंने अपने जीवन का फाइनल फैसला कर लिया कि वह अपना पूरा जीवन ईश्वरीय सेवा में समर्पित कर अपने जीवन को ब्रह्माकुमारीज के नियम व मयार्दाओं के अनुसार ही जिएंगे। इसके बाद एकत्रित सभी ब्रह्मा वत्सों ने पुष्प चढ़ाकर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर ऋषिराज शर्मा, आरके राणा, जगदीश कादियान, ओमप्रकाश, हरी कांबोज, ज्ञान सरदाना, रितेश विज, महिंद्र संधु, सुनीता मदान, विमल मेहता, गायत्री, अंजु गुप्ता व महेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अधिकारी और कर्मचारी राजनीतिक गतिविधियों से रहें दूर : उत्तम सिंह

करनाल, अक्तूबर। उपायुक्त एव जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने जिला के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहें। वे किसी भी राजनीतिक पार्टी या प्रत्याशी के प्रचार प्रसार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल न हों। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी इन राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियों जैसे कि राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार, बूथ एजेंट, चुनाव एजेंट व मतगणना एजेंट बनने से दूर रहें। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 129 के अनुसार चुनाव के संबंध में कोई कर्तव्य निभाने के लिए नियुक्त अधिकारी या कर्मचारी चुनाव के संचालन व प्रबंधन में किसी उम्मीदवार के चुनाव की सम्भावनाओं को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्य (वोट देने के अलावा) नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत चुनाव से सम्बंधित पदीय कर्तव्य (चुनाव ड्यूटी) के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को दंडित किया जा सकता है। धारा 134 (क) के तहत यदि सरकारी सेवारत कोई व्यक्ति चुनाव में किसी उम्मीदवार के चुनाव एजेंट या मतदान एजेंट या मतगणना एजेंट के रूप में कार्य करता है तो उसे तीन महीने तक कारावास या जुमार्ने से दंडित किया जा सकता है। इसके अलावा, हरियाणा सिविल सेवा (कर्मचारी आचरण) नियम 2016 के नियम 9 के तहत कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक दल या राजनीति में शामिल ऐसे संगठन का सदस्य नहीं हो सकता।

# धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं होने पर किसानों ने अनाज मंडी के गेट बंद कर की नारेबाजी

- मार्किट कमेटी सचिव के आश्वासन के बाद बाद खोला अनाज मंडी का गेट

निसिंग, अक्तूबर। शहर की अनाज मंडी में मंगलवार को धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं होने से परेशान किसानों ने अनाज मंडी का मेन गेट बंद कर रोष प्रकट किया। सरकार पीआर धान की खरीद में नमी की मात्रा अधिक बताकर सरकारी खरीद शुरू न होने से परेशान किसानों ने दोपह करीब 12 बजे ट्रैक्टर ट्राली खड़ा कर अनाज मंडी के गेट को बंद कर दिए। जिस कारण सिंघड़ा रोड़ पर ट्रैक्टर ट्रालियों व अन्य वाहनों की लंबी लाइन लग गई। वाहनों की लंबी लाइन को देख थाना प्रभारी जगदीश ने पहुंच किसानों को समझाया लेकिन किसान नहीं माने। उसके बाद करीब साढ़ चार बजे मार्किट कमेटी सचिव



निसिंग अनाज मंडी का मेन गेट बंद कर धान की खरीद की मांग करते किसान।

गौरव आर्य के आश्वासन के बाद किसानों ने अनाज मंडी का मेन गेट खोला। जिसमें किसान सभा के तहसील प्रधान गुलजार सिंह, सेवा सिंह महमल, हरि सिंह संधू डाचर, नरेंद्र कुमार, रमेश सिरसल, राजेश चोरकारसा, जगदीप सिंह, रामकुमार,गुरदेव सिंह चब्बर, चंद सिंह,जसमेर,रणधीर,रामपाल सहित अन्य किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार ने धान खरीद को लेकर किसानों के साथ मजाक बनाकर रख दिया है। किसान एक तरफ मौसम व दूसरी तरफ सरकार की नीयत व नीतियों की मार झेल रहा है। अनाज मंडी में पीआर किस्म की धान की सरकारी खरीद न होने से किसानों को सरकार की लेटलतीफी का शिकार होना पड़ रहा है। वहीं मंडी में खुले आसमान के नीचे धान लेकर बैठे अन्नदाता के सामने मौसम अब बहुत बड़ी चुनौती बना हुआ है। निसिंग मार्किट कमेटी सचिव गौरव आर्य ने बताया कि अनाज मंडी में खरीद एजेंसी हैफड़ व फूड एंड सप्लाई खरीद कर रही है। मंगलवार को चार ढेरियां की खरीद एजेंसी ने खरीद की है ,लेकिन धान की फसल में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण धान की खरीद नहीं हो सकी और राईस मिलर्स भी हड़ताल पर है। आर्य ने किसानों से अपील की है कि वे अपने धान की फसल को सूखा कर ही मंडी में लेकर आए। जिससे किसानों की फसल तुरंत खरीद की जा सकें। किसानों को अनाज मंडी में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## चार दिवसीय ट्रेनिंग का समापन



कार्यक्रम में पहुंचे प्रतिभागी।

**इंद्री :** मार्ग सस्था द्वारा इंद्री ब्लॉक में प्रोजेक्ट एनाबलिंग एसैस टु जसटास म लीगल लिटरेसी ट्रेनिंग फॉर सी.जे.डब्लू. (थर्ड राउंड) के चार दिवसीय ट्रेनिंग का समापन किया गया। जिसमे सभी सीजेडब्लयू उपस्थित रहे। ट्रेनिंग मे पोक्सो एक्ट क्या है इससे संबधित कानून एव सजा का प्रावधान क्या है अनिमेटिड फिल्म के द्वारा पोक्सो एक्ट को विस्तार से बताया गया। अधिवक्ता अशोक रंगा द्वारा न्याय किशोर बोर्ड के बारे में बताया गया। मार्ग की अधिवक्ता शिखा द्वारा भारतीय न्याय सहिता व न्याय किशोर बोर्ड द्वारा बाल कल्याण समिति मे उसकी भूमिका के बारे मे बताया गया। कायस्थल पर* महिलायों का यौन उत्पीडन अधिनियम 2013 रोकथाम ,निषेध व निवारण संगठित क्षेत्र में कार्य स्थल,असंगठित क्षेत्र दिन में कार्य स्थल, शिकायत सिमितियाँ (1.) आंतरिक शिकायत समिति स्थानीय शिकायत समिति एलसीसी अधिनियम के तहत सजा व मुआवजा, मामले की कार्यवाही की प्रक्रिया का विवरण समझाया गया और एसिड अटैक पीड़िता लक्ष्मी अग्रवाल की शॉर्ट फिल्म दिखाई गयी। इस मौके पर अरुण नायक, अधिवक्ता शिखा मिश्रा व अशोक रंगा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले युवक को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस ने नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा है। बीते 28 सितंबर को को वादी द्वारा थाना मारकुण्डी में सूचना दी कि सुकेन पुत्र स्व0 सुंदर उर्फ सुंदरवा कोल निवासी ग्राम गोपीपुर करौंहा उनकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। 27 सितंबर को पीड़िता स्वयं आ गयी थी उसका मेडिकल परीक्षण कराते हुये न्यायालय के समक्ष बयान कराये गये। मंगलवार को अभियुक्त सुकेन को गिरफ्तार किया गया।

### पितृ विसर्जनी अमावस्या पर सतर्कता के साथ करे ड्यूटी

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पितृ विसर्जनी अमावस्या मेला में लगे अधिकारी/कर्मचारियो को ब्रीफकर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने को निर्देष दिये। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि ने कहा कि कहा कि सभी अपनी-अपनी डियूटी पर समय से पहुचेंगे, कोई भी अधिकारी/कर्मचारी किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेगा। ड्यूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करेगें। पूरे मेल को सकुशल संपन्न करने के लिए 4 जोन व 14 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा पुलिस अधिकारियो की तैनाती की गयी है।

### लखेरा समाज की बैठक एकजुटता का आह्वान

**बांदा।** शहर के महेश्वरी देवी मंदिर रोड स्थित तुलसीदास मंदिर में मंगलवार का लखेरा समाज ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान संगठन पदाधिकारी नीरज ने समाज के सभी लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया। सौरभ लक्षकार ने बताया कि आने वाले नवरात्र महोत्सव में विसर्जन के दौरान स्टाल लगाया जाएगा और श्रद्धालु भक्तों को जलपान कराया जाएगा। बैठक में लखेरा समाज के राजेश, राजबहादुर, विनोद, जितेंद्र, विजय, मुकेश, रामजी, गौरी, अनीता, निर्मला, निशा आदि मौजूद रहे।

### शिलान्यास कार्यक्रम निरस्त

**बांदा।** कृष्ण द्वैपायन वेद व्यास जन्मस्थानम ट्रस्ट के ट्रस्टी व मुख्य संरक्षक रामहित सिंह कश्यप ने बताया कि पर्यटन स्थल ग्राम बसुधरी में बारिश के चलते जलभरव हो गया है। इसके चलते 3 अक्टूबर को होने वाला शिलान्यास कार्यक्रम निरस्त किया जाताा है। कार्यक्रम की अगली तारीख विचार-विमर्श के बाद दोबारा घोषित की जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस एवं स्वच्छ भारत दिवस।

## मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ऐतिहासिक गांधी संग्रहालय भितिहरवा आश्रम में किया गया पौधारोपण।





(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** इंटरनेशनल अहिंसा दिवस एवं स्वच्छ भारत दिवस पर मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट गांधी संग्रहालय भितिहरवा आश्रम एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर डीएम पश्चिम चंपारण, डीडीसी पश्चिम चंपारण, पश्चिम चंपारण गांधी संग्रहालय भितिहरवा आश्रम के प्रभारी डॉ शंकर सुमन, डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ अमानुल हक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष द्वारा ऐतिहासिक गांधी संग्रहालय भितिहरवा आश्रम में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अमानुल हक ने कहा कि महात्मा गांधी का स्वच्छता ही सेवा संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचाया जाएगा। हमारा यह छोटा सा प्रयास आने वाले दिनों में पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन की रोकथाम में मिल का पत्थर साबित होगा। विश्व एवं अनेक राष्ट्रों को भारत का स्वच्छ भारत अभियान जलवायु परिवर्तन की रोकथाम के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर महात्मा गांधी, कस्तूरबा गांधी,अमर शहीदों ,स्वतंत्रता सेनानियों एवं दुनिया भर में मानवता के लिए काम करने वाले विभूतियों कों श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रयासों के बदोलत प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को भारत के गुजरात राज्य में हुआ था ।उनका सारा जीवन स्वाधीनता, मानवता एवं सामाजिक बंधुत्व के लिए रहा। महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में अंग्रेजों के अत्याचारों से मुक्ति, अफ्रीकी, एशियाई लोगों के नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन के बाद भारत की स्वाधीनता एवं एवं सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति के लिए सर्वप्रथम भारत के बिहार राज्य के बेतिया चंपारण में 1917 में आंदोलन का आरंभ किया था। महात्मा गांधी ने चंपारण सत्याग्रह के लिए शाम 5:00 बजे 22 अप्रैल 1917 को रेल से महात्मा गांधी बेतिया पहुंचे थे। उनका स्वागत महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित राजकुमार शुक्ल ,पीर मोहम्मद मुनीश जैसे चंपारण की हजारों विभूतियों ने किया था । मौलाना मजहरूल हक एवं राजेंद्र प्रसाद ने अहम भूमिका निभाई थी। 22 अप्रैल 1917 को बेतिया के ऐतिहासिक हजारीमल धर्मशाला में चंपारण सत्याग्रह कार्यालय की आधारशिला रखी थी। साथ ही अंग्रेजों के अत्याचार एवं नील के अभिशाप से चंपारण के किसानों के मुक्ति के लिए चंपारण जांच कमेटी के समक्ष 16 जुलाई 1917 को ऐतिहासिक हजारीमल धर्मशाला एवं 17 जुलाई 1917 को 10,000 से ज्यादा किसानों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चंपारण जांच समिति के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था । आखिरकार अंग्रेजो को अपने दोषपूर्ण कानून को 1918 मे बदलना पड़ा। देखते ही देखते लगभग 30 वर्षों के अंदर ही भारत अंग्रेजों के गुलामी से आजाद हो गया।

## जन सुराज अभियान राजनीतिक दल में परिवर्तित।

### जन सुराज दल के कार्यकारी अध्यक्ष बने मनोज भारती।

>> प्रशांत किशोर पहले की तरह ही बिहार की पदयात्रा करते रहेंगे।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पटना।** 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर जन सुराज आधिकारिक तौर पर दल में परिवर्तित हो गया हैं। पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में लाखों की संख्या से बिहार के कोने-कोने से आए लोगों की सहमति से जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने दल के पहले कार्यवाहक अध्यक्ष के साथ साथ दल के संविधान के पांच प्रमुख प्रावधानों को बिहार और देश की जनता के समक्ष रखा। प्रशांत किशोर ने अपने संबोधन में सबसे पहले जनता को जन सुराज के पांच बड़े वादों को जनता के सामने रखा। पहला बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि बनाना। बिहार के गौरवशाली इतिहास में पूरे विश्व से लोग नालंदा और विक्रमशिला में ज्ञान प्राप्ति के लिए आते थे। उस बिहार में उसके बच्चों के लिए फिर से ऐसी व्यवस्था बनाना। दूसरा हर युवा के हाथ में बिहार में ही रोजगार ताकि बिहार से पलायन को बंद कर सके। तीसरा हर 60 वर्ष की आयु से ऊपर हर महिला- पुरुष को प्रतिमाह 2 हजार रुपए की पेंशन। इसी के साथ महिलाओं को सरकारी गारंटी पर व्यवसाय के लिए 4 प्रतिशत सालाना ब्याज पर पूंजी उपलब्ध कराना और पांचवा वादा कि बिहार के किसानों को सहयोग करके बिहार में हो रही पेट भरने वाली खेती से कमाने वाली बनाना। प्रशांत किशोर ने आज बिहार को यह सुनिश्चित कराया की जन सुराज आएगा और यह 5 काम हो जाएंगे। प्रशांत किशोर ने दल की घोषणा करने के बाद इसके पहले कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व भारतीय राजनयिक मनोज भारती के नाम को औपचारिक तौर पर लोगों के बीच रखा। प्रशांत ने मनोज भारती का परिचय देते हुए बताया कि इनका जन्म मधुबनी में हुआ है और ये अनुसूचित जाति से आते हैं। मनोज की शुरूआती शिक्षा जमुई के सरकारी विद्यालय से हुई और उसके बाद उन्होंने नेतरहाट से पढ़ाई की। उन्होंने कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की। फिर IIT दिल्ली में पढ़ाई करते हुए उनका चयन भारतीय विदेश सेवा में हुआ। वे चार देशों में देश के राजदूत रहे भी रहे। प्रशांत किशोर ने जन सुराज दल के संविधान के प्रमुख प्रावधानों को भी जनता के सामने रखा और उनकी इन सभी पर सहमति भी ली। सबसे पहले उन्होंने बताया की जन सुराज के अध्यक्ष का कार्यकाल 1 साल का होगा और लीडरशिप काउंसिल का 2 साल। दूसरा उन्होंने बताया की जन सुराज देश का पहला दल होगा जो (राइट टू रिकॉल) लागू करेगा। जनता ही अपना उम्मीदवार का चयन करेगी और उनको मध्य कार्यकाल में ही हटाने का अधिकार भी जनता के पास होगा। इसी के साथ में उन्होंने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए ऐलान किया कि जन सुराज ने चुनाव आयोग को अपने आधिकारिक झंडे के लिए आवेदन किया है उसमे महात्मा गांधी के साथ-साथ बाबा साहेब अंबेडकर का भी चित्र होगा। जन सुराज के नव चयनित कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप बिहार से बिहारी को दूर कर सकते हैं पर उनके दिल से बिहारी मानसिकता को नहीं निकाल सकते हैं। उन्होंने उत्तर बिहार में आए बाढ़ पर चिंता व्यक्त की और कहा कि जन सुराज यह सुनिश्चित करेगा कि जो नदियाँ बिहार के लिए अभिशाप बन गई हैं, उन्हें जन सुराज वरदान बना सके। अपने राजनयिक जीवन का उदहारण देते हुए उन्होंने कहा कि जब वह किसी विदेशी नेता या राजनयिक को तोहफा देते थे तो वह मधुबनी की चित्रकला, भागलपुर का सिल्क, आदि होता था। साथ ही उन्होंने अपने नेतरहाट के दिनों को याद करते हुए अपने अनुभवों को भी साझा किया। जन सुराज को उन्होंने एक ऐसी पार्टी बताया जो गहन अध्ययन करने के बाद ठोस निर्णय लेती है। प्रशांत किशोर और मनोज भारती के साथ-साथ नालंदा विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी केसी सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता वाई बी गिरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र यादव, पूर्व सांसद मोनाजीर हसन, रामबली चंद्र वंशी ने भी जनता को संबोधित किया।

## वरिष्ठ नागरिकों का डीएम ने किया सम्मान

■ चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य वरिष्ठ नागरिक नीति के अंतर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले तथा समाज के लोगों को भी लाभान्वित कराए उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 70 वर्ष से ऊपर आयु के सभी लोगों को 5 लख रुपए तक का स्वास्थ्य लाभ लेने की योजना लागू की है इसके अलावा पेंशन योजनाएं भी संचालित है उनका भी लाभ आम जनमानस को दिलाई जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा की उचित एवं प्रभावी व्यवस्था शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के देखभाल की उचित एवं प्रभावी व्यवस्था आर्थिक सुरक्षा आवासीय अधिकार दिये जा रहे है। पेंशनर्स संघ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि हम लोग अपनी सेवा से निवृत होकर अब सामाजिक लोगों को जागरूक करे। पेंशनर्स संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान कराने का निर्णय लिया है सरकार लोगों को जागरुक कर रही है। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

### छूटे कार्यो को कराये पूरा-डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी ने तीर्थ विकास परिषद तथा पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों कहा कि जो वन विभाग से भूमि एयरपोर्ट को दी जाएगी उस संबंध में प्रभागीय बनाधिकारी व एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं उप जिलाधिकारी मानिकपुर बैठक कर कार्यवृत्ति प्रेषित करें। संयुक्त महाप्रबंधक राइट्स लिमिटेड शिव प्रकाश लाल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया की जो अशंतह कार्य छुटे हुए हैं उसको छोड़कर जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उसे हैंड ओवर लोक निर्माण विभाग करे।

## मुजफ्फरपुर में वायुसेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, सभी जवान सुरक्षित





(ब्यूरो चीफ / शाहीन सबा)

**मुजफ्फरपुर।** जिले के औराई ब्लॉक अन्तर्गत घनश्यामपुर पंचायत के बेसी बाजार के निकट बुधवार दोपहर भारतीय वायुसेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हेलीकॉप्टर सीतामढ़ी जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री लेकर जा रहा था। उसी दौरान उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते हेलीकॉप्टर क्रैश कर गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उन्होंने हेलीकॉप्टर में सवार पायलट समेत चारों जवानों को बचा लिया। इस घटना में हेलीकॉप्टर के पायलट समेत चारों जवान सुरक्षित हैं। मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश कुमार ने 'हिन्दुस्थान समाचार' से बातचीत में बताया कि हेलीकॉप्टर ने औराई प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाके में आपात लैंडिंग की है। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और जवानों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि चारों जवान सुरक्षित हैं और उन्हें एहतियात के तौर पर श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसकेएमसीएच) भेजा गया है, जहां उनके स्वास्थ्य की जांच और उपचार किया जा रहा है। इस दुर्घटना को लेकर भारतीय वायु सेना की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इंजन फेल होने के बाद पायलट ने पानी में हेलीकॉप्टर को लैंड कराया। सभी एयरफोर्स जवान और पायलट सुरक्षित हैं। पानी में लैंडिंग के दौरान विमान क्रैश हो गया। घटना के बाद सुरक्षा अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंच गई है, जो हेलीकॉप्टर की स्थिति की जांच कर रही है। इस बीच वायुसेना की ओर से तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम भी हेलीकॉप्टर में आई खराबी की जांच के लिए भेजी गई है।

## पीआरडी जवान के खिलाफ छात्रा ने थाने में दी तहरीर

**चित्रकूट।** पुलिस कांस्टेबल की तैयारी कर रही छात्रा का पीआरडी दरोगा उदयभान से इंस्टाग्राम में हुआ दोस्ती के बाद प्यार हो गया। दोनो की मोहब्बत ऐसी चढ़ी परवान की छात्रा दरोगा के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी। इस दौरान पीडिता को जब उसकी सच्चाई पता चला तो उसने अपने परिजनो के साथ थाने मे तहरीर दी है।

पीड़िता का आरोप शादी के नाम पर दरोगा उसका जिस्मानी शोषण करता रहा शादी से इंकार करने पर दरोगा के शादीशुदा होने का खुलासा हुआ। पीआरडी जवान खुद को उत्तर प्रदेश पुलिस का दरोगा बता पीड़िता पर रौब झाड़ता था पीड़िता ने एसपी अरुण कुमार सिंह को पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

### शराब के साथ पकड़ा


चित्रकूट। चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, उनि यूटी कुंवर प्रखर, आरक्षी विवेक कुमार ने शैलेन्द्र सिंह पुत्र जसवन्त सिंह निवासी गोबरिया को 36 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## फिनिक्स मॉल में कॉमेडियन अपूर्व गुप्ता ने दिया दर्शकों को लाफ्टर का डोज, ठहाकों से गूंजा पीवीआर

### -फिनिक्स यूनाइटेड मॉल ने आयोजित किया कॉमेडियन अपूर्व गुप्ता का शो

>> दर्शकों से खचाखच भरी रही फिनिक्स मॉल की पीवीआर ऑडी




**बरेली :** फिनिक्स यूनाइटेड मॉल में खरीदारी करने पहुंचे ग्राहक हंसी के समुद्र में गोता लगाने लगे। मौका था देश के प्रसिद्ध स्टैंड अप कॉमेडियन अपूर्व गुप्ता के शो का। इसका आयोजन फिनिक्स यूनाइटेड मॉल ने किया था। यह आयोजन फिनिक्स मॉल के पीवीआर आडी में किया गया। शो का क्रेज इतना अधिक था कि पीवीआर आडी का थिएटर दशकों से खचाखच भरा रहा है। स्टेज पर पहुंचते ही कॉमेडियन अपूर्व ने जो समां बांधा कि दर्शक कुर्सियों से चिपके ही रहे। कामेडी, हंसी और ठहाकों का दौर घंटों चलता रहा। इस पूरे आयोजन के दौरान दर्शक जीवन के तनाव भूल कर आनंद, उमंग और दिल खोलकर हंसते रहे। बरेली के सबसे बेहतरीन मॉल में खरीदारी करने पहुंचे दर्शकों के लिए यह अनूठा सरप्राइज था। कॉमेडियन अपूर्व को चाहने वालों में युवाओं की संख्या अधिक रही। सामान्य जीवन से जुड़े व्यंग ने युवाओं को हंसते-हंसते लोटपोट करा दिया। फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर श्री संजीव सरीन ने कहा, "फीनिक्स यूनाइटेड मॉल में कॉमेडियन अपूर्व गुप्ता का शो बरेलीवासियों के लिए एक हंसी व ठहाकों से भरा उपहार था। यह स्वस्थ मनोरंजन उनके तनाव को दूर कर नई ऊर्जा भरेगा। यह कार्यक्रम अविस्मरणीय यादें और अनूठा अनुभव प्राप्त करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है।

## श्रीराम वाटिका पार्क पर विभाग ने लगाया गलत बोर्ड

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय से स्थित गणेश बाग के ठीक बगल में 11 करोड़ 38 लाख की लागत से बनकर तैयार हो रहे श्री राम वाटिका ईको पार्क पर सरकारी मशीनरी को गुमराह करने के लिए गलत बोर्ड लगाया गया है ।बोर्ड पर योजना का नाम राज्य योजना लिखा गया, जबकि योजना का कार्य तीर्थ विकास परिषद को आवंटित धनराशि से कार्य स्वीकृत हुआ है, वहीं इस मामले में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने कहा कि बजट राज्य योजना द्वारा आवंटित हुआ है लेकिन तीर्थ विकास परिषद के अधिकारियों की माने तो यह धनराशि तीर्थ विकास परिषद को आवंटित बजट की धनराशि से पार्क निर्माण के लिए धनराशि प्राप्त हुई है, साथ ही पुरातत्व के दायरे में आने के चलते विभाग से कार्य करवाए जाने की एनओसी पर्यटन विभाग और कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को नहीं मिली है, वहीं पुरातत्व विभाग ने पर्यटन विभाग को इस बावत नोटिस भी जारी कर रखा है बावजूद इसके धन का बंदरबाट करने के लिए संस्था तेज़ी से बिना एनओसी कार्य को मूर्त रूप देने में तुली हुई है। जनता का कहना है कि यदि कोई आम व्यक्ति पुरातत्व के दायरे में बिना परमिशन भवन इत्यादि बनवाए तो विभाग उसके ध्वस्तीकरण की कार्यवाही में जुट जाता है, लेकिन सरकारी नुमाइंदे अपनी ही व्यवस्था पर रौब झाड़कर जबरन काम करवाने में जुटे हुए है। नियमत: योजना स्वीकृत करवाने के पूर्व पुरातत्व विभाग से एनओसी प्राप्त करके ही योजना का प्रस्ताव भेजा जाना चाहिए था। यदि पुरातत्व विभाग से एनओसी प्राप्त नहीं होती तो करोड़ों रुपए का सरकारी धन कागजों में उलझकर रह जाएगा।

## पाखंड का सहारा लेने वाले को भगवान नहीं बल्कि पाखंड ही मिलता है :आचार्य मनीष

### चित्रकूट में पितृ मोक्ष हेतु आचार्य मनीष भाई वृंदावन की विशेष कथा

■ चित्रकूट





दास हनुमान मंदिर,श्रीधर धाम में चल रही श्री मद भागवत कथा में आज श्रीधाम वृंदावन से पधारे युवा कथावाचक आचार्य मनीष भाई ने कहा कि भक्त को हर स्थिति में भगवत कृपा का अनुभव करते रहना चाहिए। उन्होंने भक्त के लक्षण बताते हुए कहा कि भक्त को मनसा, वाचा, कर्मणा से समर्पित होकर प्रभू का भजन करना चाहिए।

आचार्य मनीष भाई ने व्यास पीठ से सुकर्म करने का श्रोताओं का आव्हान करते हुए कहा कि मनुष्य को सोच विचार कर पूरी सतर्कता के साथ कर्म करना चाहिए क्योंकि उसके द्वारा किया गया कर्म उसी के सामने ही फलीभूत होता है। अच्छे कर्म का परिणाम उसे अच्छा और बुरे कर्म का परिणाम बुरा मिलता है। उन्होंने गोवर्धन लीला, पूतना बध, सक्तासुर बध, तरनावर्त बध, कालिया नाग बध दृश्य का विस्तार से वर्णन किया।

ज्ञातव्य है श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात युवा कथावाचक मनीष भाई इन दिनों भव्य सहस्त्र श्रीहनुमान चालीसा पाठ एवम पितृ मोक्ष हेतु चित्रकूट में आयोजित श्रीमद भागवत कथा की व्यास पीठ से देश भर से आए श्रोताओं और स्थानीय लोगों ज्ञान वर्धक भागवत कथा श्रवण करा रहे हैं।

उन्होंने पूतना वध की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति में प्रमाणिकता होनी चाहिए जो लोग ऊपर से भक्ति का चोला ओढ़ कर और दिल दिमाग में छल, कपट, राग, द्वेष से युक्त होकर भगवान के सामने जाते हैं उनका कभी कल्याण नहीं होता। जिनका अंतर मन छल कपट से युक्त है, ऐसे लोग भगवान के पूरे भक्त नहीं होते। जो लोग ऊपर से भक्ति होने का स्वांग करते हैं और मन में, हृदय में दुनिया भर की गंदगी भरकर रखते हैं ऐसे पाखंड का सहारा लेने वाले को भगवान नहीं मिलते बल्कि पाखंडी को पाखंड ही मिलता है। इसी कथा क्रम में आचार्य मनीष भाई ने बताया कि व्यक्ति मोक्ष प्राप्त करना चाहता है तो उसको अपने जीवन में तीन बातों को उतारना चाहिए। भगवान की कृपा का अनुभव, सुख हो या दुख हो वह जीव के स्वयं कर्म का परिणाम है इसलिए उसे प्रसन्नता से स्वीकार करें। मन से वाणी से कर्म से एक होकर भगवान के चरणों में समर्पित हो जाए। इन तीन बातों को जीवन में उतरने से जीव मोक्ष को पाने का अधिकारी हो जाता है।

उखल बंधन की लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि जीव अपने पुरुषार्थ से भगवान को नहीं प्राप्त कर सकता बल्कि जीव पुरुषार्थ करें और उसके पुरुषार्थ पर भगवान कृपा करें तभी जीव भगवान को प्राप्त कर सकता है। माखन चोरी लीला का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान कृष्ण तीन प्रकार की चोरी करते हैं और तीन लोगों के यहां से चोरी करते हैं। जिसमे उसके यहां से आज अजामिल जैसा व्यक्ति यदि पुत्र के बहाने भी भगवान का नाम ले तो भगवान उसके अनेक जन्म के पाप हर लेते हैं। साधक की साधना से उसके अहंकार को हर लेते हैं और अपने भक्त का चिंता रूपी माखन चुरा लेते हैं।

## ठगी पीड़ितों का भुगतान जल्द कराया जाए

### ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने सांसद-विधायक को सौंपा ज्ञापन



**बबेरू।** ठगी पीड्ति जमाकर्ता परिवार के जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार सहित पदाधिकारी ने सांसद कृष्णा पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल विधायक विशंभर सिंह यादव को तीन सूत्रीय मांग पत्र दिया। कहा कि संसद ने ठगी पीड्तिों को उनकी डूबी हुई जमा धानराशि की गारंटी देते हुए अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम सर्व सम्मति से बनाया गया था, जिसमें केंद्र सरकार ने ठगी पीडित आवेदको को 180 दिन में उनकी जमा राशि का 2 से 3 गुना भुगतान करने का वचन दिया था। यह कानून उन तमाम कंपनी सोसाइटी फर्म निधि नॉन बैंकिंग कंपनी आदि के निवेशकों को भुगतान के लिए तय किया गया था, जिनका जमा धन 21 फरवरी 2019 तक वापस नहीं मिला। संसद में सर्व सम्मति मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट 2002 रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया एक्ट 1934 और कुछ अन्य कानूनों की धाराओं को भी इसमें सम्मिलित करते हुए व्यवस्था दी थी कि भले ही कोई कंपनी या सोसाइटी या फर्म बिना किसी कानून द्वारा संचालित हो, यदि वह निवेशकों का भुगतान नहीं करती तो उसके खिलाफ राज्य व केंद्र सरकार बुडस एक्ट के तहत कार्रवाई करेगी। संगठन द्वारा आरोप लगाया गया कि सरकार की गलत नीति के कारण निवेशक और एजेंट के बीच लगातार मुकदमेबाजी बढ़ती जा रही है। गत पहली सितंबर से संगठन द्वारा जिला मुख्यालय पर असहयोग आंदोलन अनवरत रूप से चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पीड्ति धरने पर बैठे रहे। उन्होंने ठगी पीड्तिों का भुगतान करवाते हुए दोषी अधिकारियों को दंडित करवाए जाने की मांग की। ज्ञापन के दौरान केशव प्रसाद प्रजापति, कमलेश गुप्ता, कमल, राजकरन, हरीशंकर, जयप्रकाश, राजेश, श्रीराम, सुशील कुमार, सभाजीत, राजेन्द्र कुमार, राजेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




मंगलवार को सोनीपत में अपनी विजय संकल्प यात्रा के दौरान समर्थकों से मुलाकात करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

# सोनम वांगचुक को हिरासत में लेना अलोकतांत्रिक : राहुल

● नई दिल्ली,

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को लद्दाख के पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को हिरासत में लेने के लिए सरकार की आलोचना की और कहा कि ऐसी कार्रवाई अलोकतांत्रिक और अस्वीकार्य है। गांधी ने वांगचुक की हिरासत को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि मोदी का यह 'चक्रव्यूह और अहंकार' भी टूटेगा।

उन्होंने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पर्यावरण और संवैधानिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक मार्च कर रहे वांगचुक जी और सैकड़ों लद्दाखियों को हिरासत में लेना अस्वीकार्य है। उन्होंने आगे कहा कि लद्दाख के भविष्य के लिए खड़े होने वाले बुजुर्ग नागरिकों को दिल्ली की सीमा पर हिरासत में क्यों लिया जा रहा है? मोदी जी, किसानों की तरह, यह चक्रव्यूह भी टूट जाएगा, और आपका अहंकार भी टूट जाएगा। आपको लद्दाख की आवाज सुननी होगी। खरगे ने एक्स पर लिखा कि सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार के अहंकार ने लद्दाख से शांतिपूर्वक दिल्ली मार्च कर रहे नागरिकों के एक समूह को हिरासत में लिया है। यह एक कायरतापूर्ण कार्रवाई के अलावा और कुछ नहीं है और बहुत अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में, संविधान की छठी अनुसूची के अंतरग्त आदिवासी समुदायों की सुरक्षा के लिए व्यापक आह्वान के साथ, जन समर्थन की लहर बढ़ रही है। इसके बजाय मोदी सरकार अपने करीबी दोस्तों को लाभ पहुंचाने के लिए लद्दाख के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील हिमालयी ग्लेशियरों का दोहन करना चाहती है।



मंगलवार को कोलकाता के कुमारटुली में दुर्गा पूजा उत्सव से पहले देवी दुर्गा की मूर्ति बनाता कारीगर।

## सार संक्षेप

### अक्षरा सिंह का गरबा और डांडिया स्पेशल गाना चांद की चकोरी रिलीज



**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का गरबा और डांडिया स्पेशल गाना चांद की चकोरी रिलीज हो गया है। गाना चांद की चकोरी अक्षरा सिंह के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने में अक्षरा सिंह की दिलकश अदाओं और जबरदस्त डांस मूव्स ने लोगों को आकर्षित किया है। चांद की चकोरी गाना को अक्षरा सिंह ने गाया है।इस गाने की गीतकार हिमानी कपूर और संगीतकार प्राजक्ता शुक्रे हैं। डीओपी वेंकट महेश, निर्देशक अलीशा सिंह और कैमरा मैन सूरज सिंह हैं। अक्षरा सिंह ने कहा, चांद की चकोरी गाना मेरे दिल के बहुत करीब है, और मुझे खुशी है कि दर्शकों ने इसे इतना प्यार दिया। नवरात्रि के मौके पर लोगों को उत्सव के रंग में रंगने के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। मैं आभारी हूं कि दर्शकों ने इसे इतना प्यार दिया। नवरात्रि के इस खास मौके पर, मैं चाहती थी कि लोग इस गाने के जरिए उत्सव का आनंद लें और खुद को गरबा और डांडिया के रंग में रंगें। मुझे खुशी है कि 'चाँद की चकोरी' ने लोगों के दिलों में जगह बनाई और यह गाना सभी के लिए त्योहार का मुख्य आकर्षण बन गया है। यह प्यार और समर्थन मेरे लिए बेहद खास है।

### दार्जिलिंग में चाय श्रमिकों की मांग पर मचा सियासी तूफान

**दार्जीलिंग:** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में चाय श्रमिकों की 20 प्रतिशत पूजा बोनस की मांग ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। हाम्रो पार्टी के अध्यक्ष अजय एडवाडर्स ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार और चाय बगान मालिकों पर श्रमिकों की मांग को अनसुना करने का आरोप लगाया है। दार्जिलिंग में चाय श्रमिकों की हड़ताल के बाद पहाड़ बंद की स्थिति बन गई है। श्रमिकों ने सरकार और चाय बगान मालिकों के खिलाफ नारे लगाए और अपनी मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का एलान किया है। इस बीच चाय बगानों के श्रमिकों की मांग पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। विपक्षी दलों ने उन पर श्रमिकों की मांगों को अनसुना करने का आरोप लगाया है।

### सिरसा डेरा प्रमुख को पेरोल नियमों के मुताबिक : अनिल विज

**अंबाला:** यौन शोषण व हत्या के आरोप में सजा भुगत रहे हरियाणा के सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले 20 दिन के पेरोल मिलने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने मंगलवार को कहा कि राम रहीम को पेरोल नियमों के मुताबिक ही दिया गया होगा। श्री विज ने यहाँ पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पेरोल के नियम हैं और नियमों के मुताबिक ही पेरोल दिया होगा। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष इस संबंध में सवाल उठा रहा है तो विपक्ष नियमों को बदलवा दे।

# उधमपुर में जमकर हुआ मतदान

## जम्मू-कश्मीर में 65.48 फीसदी मतदान, बारामूला में सबसे कम मतदान

● जम्मू/श्रीनगर

**जम्मू**-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण में मंगलवार को सात जिलों के 40 निर्वाचन क्षेत्रों में औसतन 65.48 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सर्वाधिक वोट छंब विधानसभा सीट पर डाले गये।

चुनाव आयोग के मुताबिक उधमपुर जिले में सबसे अधिक 72.91 प्रतिशत और बारामूला में सबसे कम 55.73 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा बांदीपोरा जिले में 63.33,जम्मू में 66.79, कठुआ में 70.53, कुपवाड़ा में 62.76 और सांबा जिले में 72.41 प्रतिशत मतदान हुआ। कश्मीर संभाग की जिन 16 सीटों पर आज मतदान हो रहे हैं, वे करनाह, त्रेहगाम, कुपवाड़ा, लोलाब, हंदवाड़ा, लंगेट, सोपोर, रफियाबाद, उरी, बारामूला, गुलमर्ग, वागुरा-क्रीरी, पट्टन, सोनावारी, बांदीपोरा, गुरेज (सुरक्षित) हैं। वहीं जम्मू संभाग की जिन 24 सीटों पर मतदान हो रहे हैं, वे उधमपुर पश्चिम, उधमपुर पूर्व, चेनानी, रामनगर (सुरक्षित), बनी, बिलावर, बसोहली, जसरोटा, कठुआ, हीरानगर, रामगढ़ (सुरक्षित), सांबा, विजयपुर, बिश्नाह (सुरक्षित), सुचेतगढ़ (सुरक्षित), आर.एस.पुरा-जम्मू दक्षिण, बाहु, जम्मू पूर्व, नगरोटा, जम्मू पश्चिम, जम्मू उत्तर, मढ़ (सुरक्षित), अखनूर (सुरक्षित) और छंब हैं।



तीसरे चरण के लिए 5060 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

आयोग के मुताबिक इस दौरान छंब विधानसभा सीट पर सबसे अधिक 77.25 और सोपोर में सबसे कम 41.44 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा अखनूर में 76.28, बाहू में 57.07, बांदीपोरा में 58.60, बनी में 71.24, बारामूला में 47.95, बसोहली में 67.24, बिल्लावर में 69.64, बिशनाह(सुरक्षित) में 72.75, चेनानी में 73.79, गुलमर्ग में 64.19, गुरेज (सु) में 75.89, हंदवाडा में 69.06, हीरा नगर में 71.18, जम्मू पूर्व में 60.21, जम्मू उत्तर में 60.79, जम्मू पश्चिम में 56.31, जसरोटा में 71.79, करनाह में 66.30, कठुआ (सु) में 61.49, कुपवाड़ा में 59.68, लंगेट में 59.81, लोलाब में 61.22, मढ (सु) में 76.10, नगरोटा में 72.94, पट्टन में 60.87, आर एस पुरा-जम्मू दक्षिण में 61.65, रफियाबाद में 58.39, रामगढ़(सु) में 73.10, रामनगर (सुरक्षित) में 70.38, सांबा में 71.16, सोनावारी में 65.56, सुचेतगढ़ (सु) में 68.02, त्रेहगाम में 62.27, उधमपुर पूर्व में 74.07, उधमपुर पश्चिम में 73.20, उरी में 64.81, विजयपुर में 73.05 और वागूर-क्रीरी में 56.43 प्रतिशत मतदान हुआ।


सुबह से ही बांदीपुरा में डंगेरपोरा और संबल के हाजिल इलाके में मतदाता मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिये। अन्य इलाकों से भी शांतिपूर्ण ढंग से मतदान होने की रिपोर्ट मिल रही हैं। आयोग ने शांतिपूर्ण और अच्छे वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए हरसंभव व्यवस्था की है। मतदान के दौरान अभी तक कहीं से किसी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के खराब होने या किसी अप्रिय घटना की रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। अधिकारियों ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सात जिलों की 40 सीटों पर 39 लाख से अधिक मतदाता 415 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला वोटिग मशीन में बंद किया।

# 30 लाख रक्षा पेंशनभोगी स्पर्श पोर्टल से जोड़े गए : राजनाथ

● नई दिल्ली,

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के कुल 32 लाख रक्षा पेंशनभोगियों में से 30 लाख को स्पर्श (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन (रक्षा)) पोर्टल से सफलतापूर्वक जोड़ दिया गया है।

सिंह ने यहां रक्षा लेखा विभाग के 277 वें वार्षिक दिवस समारोह में कहा कि कई चुनौतियों के बावजूद विभाग इस वेब-आधारित प्रणाली के कार्यान्वयन में सफल रहा है। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर डीएडी के विभिन्न प्रकाशनों के साथ स्पर्श ऑडिट मैनुअल की शुरूआत की। उन्होंने संसाधनों के अधिकतम उपयोग, लेखांकन में दक्षता , पारदर्शिता और नवीनतम प्रौद्योगिकियों को अपनाने के माध्यम से देश के रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के आधुनिकीकरण और मजबूती की दिशा में डीएडी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छोटी-छोटी बारीकियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विभाग की सराहना की, जिससे रक्षा संबंधी नीतियों और प्रस्तावों में आवश्यक सुधार होते हैं। पिछले कुछ वर्षों में रक्षा क्षेत्र में हासिल की गई प्रगति का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि एक समय था जब सशस्त्र बलों के लिए



खरीद आयात पर निर्भर थी और अर्थव्यवस्था पर रक्षा व्यय का सकारात्मक प्रभाव बहुत सीमित था। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के आत्मनिर्भरता हासिल करने के प्रयासों के कारण, भारत को आज एक रक्षा निर्यातक के रूप में देखा जाता है।

रक्षा मंत्री ने डीएडी से विभाग को रक्षा वित्त और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में 'उत्कृष्टता केंद्र' बनाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने एक मजबूत और व्यापक डेटा प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने की भी वकालत की जो देश की अर्थव्यवस्था पर रक्षा व्यय के प्रभाव पर सरकार को विश्लेषणात्मक रिपोर्ट देती है।

### शिगेरू इशिबा जापान के नए प्रधानमंत्री बनें

**टोक्यो:** जापान की सत्ताधारी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेता शिगेरू इशिबा को संसद के दोनों सदनों में बहुमत से जीतने के बाद मंगलवार को आधिकारिक तौर पर देश का प्रधानमंत्री चुना गया है। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। फुमियो के साथ ही उनकी पूरी कैबिनेट ने भी इस्तीफा दे दिया। फुमियो का कार्यकाल तीन साल का रहा, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा। शेगेरू जापान के 102वें प्रधानमंत्री हैं और उन्होंने पहले ही वित्त मंत्री के रूप में काटसुनोबु काटो की नियुक्ति कर दी है।जापान की संसद 'नेशनल डाइट' ने एक असाधारण सत्र आयोजित किया जिसमें नए प्रधानमंत्री का चयन किया गया।



### नरभक्षी बघेरे को मारने के आदेश

**जयपुर:** राजस्थान के उदयपुर जिले में नरभक्षी बघेरे द्वारा लगातार लोगों पर हमला कर जन हानि पहुंचाने एवं उसके पकड़ में नहीं आने के कारण उसे मारने की अनुमति दी गई हैं। उदयपुर जिले में उप वन संरक्षक उदयपुर (उत्तर) क्षेत्र के अधीन छाली, बगदुन्डा, मजावद, मदार एवं सुआवतो का गुडा गांव में नरभखी बघेरे के हमले में अब तक गत 18 सितंबर से मंगलवार तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक पवन कुमार उपाध्याय ने मंगलवार को इस नरभक्षी बघेरे को सशर्त मारने की अनुमति का आदेश दिया। नरभक्षी बघेरे को मारने की अनुमति जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस से सहयोग प्राप्त करते हुए उप वन संरक्षक उदयपुर उत्तर को शर्तों के अधीन प्रदान की गई हैं। जिसमें सबसे पहले इस बघेरे को ट्रेंक्यूलाईज एवं ट्रेप करने का प्रयास किया जाना है। बघेरे को मारने से पहले उसकी सही पहचान सुनिश्चित करनी हैं।

### देशी बम के विस्फोट से सात बच्चे घायल

**भागलपुर:** बिहार में भागलपुर जिले के हबीबपुर क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक देशी बम के विस्फोट कर जाने से सात बच्चे घायल हो गए। भागलपुर के पुलिस उपाधीक्षक राकेश कुमार ने यहां बताया कि खिलाफत नगर इलाके में आज दोपहर कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान एक देशी बम अचानक विस्फोट कर गया। इस घटना में सात बच्चे घायल हो गये। सभी घायल बच्चों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि घायलों में से तीन बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरु कर दी है। डॉग स्क्वायड की टीम को भी जांच के लिये बुलाया गया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि इस घटना की जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मामले की छानबीन की जा रही है।

# बाढ़ राहत कार्य में तेजी लाए सरकार

● दरभंगा

**बिहार** में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने मंगलवार को कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य में सरकार तेजी लाये और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की हेलीकॉप्टर से मॉनिटरिंग की जाये।



यादव ने मंगलवार को बाइक पर सवार होकर दरभंगा जिले के अलग-अलग बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना। सांसद ने बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक मदद पहुंचायी। उन्होंने किरतपुर में कोसी नदी के टूटे तटबंध को देखा और बाढ़ पीड़ितों से उसका हालचाल भी जाना। जमालपुर पंचायत में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो के दौरा के क्रम में बाढ़ पीड़ितों का दर्द सुनकर पप्पू यादव भावुक हो गए और तत्काल उन्होंने दो जगहों पर अपनी तरफ से बाढ़ पीड़ितों के लिए कम्युनिटी किचन चालू कराने की न सिर्फ घोषणा की बल्कि इसके लिए उन्होंने तत्काल पचास-पचास हजार रूपये भी दिए, जिससे बाढ़ पीड़ितो का पेट भरा जा सके। यादव ने बाढ़ की त्रासदी को देखकर केंद्र और राज्य सरकार से बाढ़ पीड़तों की हर संभव मदद करने की मांग करते हुए कहा की चुनाव में तीस-चालीस हेलीकाप्टर नेता और पार्टी लगाती है लेकिन बाढ़ पीड़ितों के लिए एक भी हेलीकप्टर मॉनिटर करने के लिए नहीं लगाया गया है। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि कोशी इलाके के लोगो का क्या दोष है ? उन्होंने कहा कि सरकार को लगता है बाढ़ पीड़ितों को एक क्विंटल अनाज दे देंगे और फिर 2025 के चुनाव में उनकी सरकार बन जाएगी।

# ईरान ने इजराइल पर दर्जनों मिसाइल दागने का दावा किया

**ईरान।** ने दावा किया है कि उसने इजराइल पर दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। यह दावा मंगलवार को सरकारी टेलीविजन पर एक बयान में उस वक्त किया गया, जब हवाई हमले के सायरन बजने लगे और तेल अवीव तथा यरुशलम के निकट धमाकों की आवाजें सुनी गईं। बयान में चेतावनी दी गई कि यदि इजराइल इस अभियान का सैन्य तरीके से जवाब देता है तो उसे और भी कठोर प्रतिक्रिया का



सामना करना पड़ेगा। अपने बयान में ईरान ने हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला और रिवोल्यूशनरी गार्ड जनरल अब्बास निलफोरुशान का जिक्र किया है, जो पिछले सप्ताह बेरूत में एक इजराइली हवाई हमले में मारे गए थे। इसमें हमास के एक शीर्ष नेता इस्माइल हनीयाह का भी उल्लेख किया गया, जिसकी जुलाई में तेहरान में एक संदिग्ध इजराइली हमले में मौत हो गई थी।

# अमेरिका : हेलेन तूफान से मरने वालों की संख्या 150 के पार पहुंची

**अमेरिका।** के दक्षिण कैरोलिना राज्य के गवर्नर हेनरी मैकमास्टर ने मंगलवार को बताया कि हेलेन तूफान से राज्य में 36 लोगों की मौत हुई है जिससे देश में इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 152 हो गई है। मैकमास्टर ने दक्षिण कैरोलिना के वेस्ट कोलंबिया में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान तीन और मौतों की घोषणा की। तूफान ने बृहस्पतिवार को फ्लोरिडा के तट से टकराने के बाद दक्षिण-पूर्व में भारी तबाही मचाई। लगभग आधी मौतें उत्तरी कैरोलिना में हुईं, जबकि दर्जनों अन्य दक्षिण कैरोलिना और जॉर्जिया में मारे गए हैं। जॉर्जिया के गवर्नर ब्रायन केम्प ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि राज्य में मृतकों की संख्या 17 से बढ़कर 25



हो गयी है। एशविले में 30 लोगों के मारे जाने की आशंका है। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि वह रालेघ जाएंगे तथा एशविले का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी जल्द से जल्द जॉर्जिया और फ्लोरिडा में तूफान से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की योजना है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तूफान हेलेन से मची व्यापक तबाही से निपटने के तरीके को लेकर बाइडन प्रशासन की आलोचना की है।

### दक्षिणी गाजा में इजराइली हमलों में कम से कम 32 लोग मारे गए: फलस्तीनी अधिकारी



**दक्षिणी गाजा।** में इजराइली हमलों में कम से कम 32 लोग मारे गए हैं। फलस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। खान यूनिस के यूरोपियन हॉस्पिटल ने कहा कि इजराइल की ओर से मंगलवार को रात भर और अगले दिन बुधवार को किए गए भारी हवाई हमलों और जमीनी अभियानों के बाद शव मिले हैं।

# भारत और जमैका कई क्षेत्रों बढ़ायेंगे सहयोग: मोदी



● नई दिल्ली,

**भारत** और कैरेबियाई देश जमैका ने कौशल विकास, क्षमता निर्माण, डिजीटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, लघु उद्योग, जैविक ईंधन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के बीच मंगलवार को हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया। मोदी ने बैठक के बाद अपने मीडिया वक्तव्य में होलनेस और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि आज पहली बार जमैका के प्रधानमंत्री भारत की द्विपक्षीय यात्रा पर आए हैं। इसलिए हम इस यात्रा को विशेष महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री होलनेस लंबे समय से भारत के मित्र रहे हैं। मुझे कई बार उनसे मिलने का अवसर मिला है। और हर बार मैंने उनके विचारों में भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को महसूस किया है। मुझे विश्वास है कि उनकी यात्रा से हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पूरे कैरेबियाई क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को नयी ऊर्जा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जमैका के संबंध हमारे साझा इतिहास, साझा लोकतान्त्रिक मूल्यों और मजबूत जन आधारित संबंधों पर आधारित हैं। हमारे संबंधों को थ्री कल्चर (संस्कृति), क्रिकेट, कामनवेल्थ (राष्ट्रमंडल) और कैरीकॉम अंकित करते हैं। आज की बैठक में हमने सभी क्षेत्रों में अपना सहयोग सुदृढ़ करने पर विचार किया और कई नयी पहलों की पहचान की।

# रवांडा में प्रकोप की घोषणा के कुछ दिनों बाद ही मारबर्ग वायरस से आठ मौतें

**किगाली (रवांडा)।** रवांडा का कहना है कि इबोला जैसे और अत्यधिक संक्रामक ह्यमारबर्ग वायरस से अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। रवांडा का यह बयान देश में घातक रक्तस्रावी ज्वर के प्रकोप की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद आया है। इस ज्वर का कोई अधिकृत अधिकृत टीका या उपचार नहीं है। इबोला की तरह मारबर्ग वायरस भी फल खाने वाले चमगादड़ों से उत्पन्न होता है और संक्रमित व्यक्तियों के शारीरिक तरल पदार्थ या दूषित बिस्तर की चादरों जैसी सतहों के साथ संपर्क के जरिये लोगों के बीच फैलता है। अगर मारबर्ग बीमारी से पीड़ित लोगों का उपचार नहीं कराया गया तो इससे संक्रमित 88 प्रतिशत लोगों के लिए यह घातक हो सकता है। मध्य अफ्रीका के देश रवांडा ने शुक्रवार को प्रकोप की घोषणा की तथा एक दिन बाद पहली छह मौतें दर्ज की गईं। स्वास्थ्य मंत्री सबिन सांजीमाना ने रविवार रात कहा कि अब तक 26 मामलों की पुष्टि हो चुकी है तथा आठ संक्रमित रोगियों की मौत हो चुकी है। लोगों से अपील की गई है कि वे संक्रमण फैलने से रोकने के लिए शारीरिक स्पर्श से बचें। वायरस से संक्रमित लोगों के संपर्क में आए करीब 300 लोगों की भी पहचान कर ली गई है और उनमें से कुछ को पृथकवास केंद्रों में रखा गया है। देश के 30 में से छह जिलों में अधिकांश प्रभावित स्वास्थ्यकर्मी हैं। सांजीमाना ने पत्रकारों को बताया, मारबर्ग एक दुर्लभ बीमारी है।

# फिर फिसली खड़गे की जुबान

कांग्रेस के लोग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से या तो बहुत ज्यादा भय खाते हैं या फिर नफरत करते हैं। इसका ताजा उदाहरण तब देखने को मिला जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक चुनावी सभा में यह कहा कि वे नरेंद्र मोदी को हटाने से पहले जाने वाले नहीं है। दरअसल हुआ यह कि चुनावी सभा के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे जब भाषण दे रहे थे, तब उन्हें चक्कर आ गए और गिर पड़े, वे जब दोबारा उठकर भाषण देने लगे तब उन्होंने कहा कि जब तक वे नरेंद्र मोदी को हटा नहीं देंगे तब तक मरने वाले नहीं है। इससे पता चलता है कि सोते जागते हर वक्त कांग्रेसियों के मन में मोदी मोदी गूंजता रहता है। बेहोशी की हालत में भी मोदी मोदी का नाम लेना यह दर्शाता है कि उनके मन में कहीं न कहीं मोदी का डर बना हुआ है। खड़गे जी की यह स्वयं की स्वास्थ्यगत परेशानी थी, इसमें मोदी जी को बीच में लाने की क्या आवश्यकता थी। यह पहला अवसर नहीं है जब कांग्रेसियों ने मोदी के खिलाफ जहर उगला हो। इससे पहले भी कई कांग्रेसी नेता प्रधानमंत्री के खिलाफ जहर उगल चुके हैं। हालांकि इससे कांग्रेस का ही चरित्र उजागर हुआ और उसे चुनाव में भी नुकसान उठाना पड़ा। इसके इतर देखिए जब यह हादसा हुआ और खड़गे जी जब भाषण देकर उठे तब प्रधानमंत्री ने तुरंत ही फोन पर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और स्वस्थ्य रहने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी चाहते तो ईंट का जवाब पत्थर से दे सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने सहृदयता और मानवीयता का परिचय देते हुए उनका हाल- जान जाना। वैसे भी राजनीति में अपने को सर्वश्रेष्ठ साबित करने के लिए लोग जिस तरह से एक दूसरे के खिलाफ शब्दों का इस्तेमाल करने लगे हैं, वह देश की तरक्की की लिए सबसे बड़े बाधक हैं। चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टी के लोग व्यक्तिगत हमले करने लगे हैं। उनके कार्यकाल की कमियां न गिनाकर चरित्र पर हमले कर रहे हैं। देश में जब भी किसी राज्य में चुनाव होने होते हैं, राजनीतिक पार्टियां अनर्गल भाषणबाजी कर एक दूसरे पर हमलावर होने लगते हैं, उस समय उन्हें यह भान नहीं रहता कि मंच से उन्हें क्या बोलना है और क्या नहीं बोलना चाहिए। दूसरे दलों की निंदा करते करते राजनीतिक लोग व्यक्तिगत हमले पर उतारू हो जाते हैं। भारत में सबको बोलने की आजादी जरूर है लेकिन अनर्गल बोलने पर मनाही भी है। इसका ध्यान राजनीतिक दलों को रखना चाहिए। संसद में भी हम देखते हैं कि विषय कुछ होता है और नेतागण बोलने कुछ लगते हैं। संसद को अखाड़ा बनाने से भी नहीं चूकते। ऐसी घटनाओं का असर पूरे देश पर पड़ता है। अब वह समय नहीं है जब संसद में या चुनावी सभाओं में नेतागण कुछ भी बोलते रहे हैं और जनता को पता न चले। जनता अब देख भी रही है और सुन भी रही है। बहरहाल मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बयान की देश भी निदां हो रही है। उन्हें भी इससे सबक लेना चाहिए कि आगे मंच पर या कहीं भी भाषणबाजी के दौरान वे अनर्गल शब्दों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

## संतवाणी



अप्रमाद ही अमृत पद है। अप्रमाद अर्थात् आलस्य न करना ही उन्नति के इच्छुक के लिए श्रेष्ठ है। आलस्य करने से बड़े से बड़े शक्तिशाली व्यक्ति, सम्पन्न व्यापारी, समृद्ध देश, समुन्नत जातियां विनष्ट हो जाती हैं। कारण, आलस्य से मनुष्य का मन, बुद्धि और शरीर तीनों ही दुर्बल बन जाते हैं और उच्च शक्तियां पंगु हो जाती हैं। – **अवधेशानंदजी गिरि**, जूनापीठाधीश्वर

जयंती आज



शाहीन सबा

# साध्य और साधन की पवित्रता के प्रणेता महात्मा गांधी

मनुष्य की दृढ़ इच्छाशक्ति और उसके लिए समर्पण कितना चमत्कारी परिणाम वाला हो सकता है, इसका जीता जागता उदाहरण बने महात्मा गांधी मानवता के लिए कर्म की भाषा लेकर आए थे। अमूर्त भाषा को मूर्त रूप देकर उन्होंने गरीब, अनपढ़, शोषित हर किसी के साथ संवाद को संभव बनाया था। सभी को जोड़कर राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने में उनकी सफलता आश्चर्यकारी थी। उनकी सादगी भरी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उपस्थिति आसानी से किसी को अपना मुरीद बना लेती थी। उनकी प्रामाणिकता भरोसा दिलाती थी और लोगों के मन के संशय दूर हो जाते थे। वे खुद को किसी वाद का प्रवर्तक नहीं मानते थे, न शिक्षक या गुरु की औपचारिक भूमिका ही कभी अपनाई परंतु बड़ी भारी संख्या में लोग अपने को गांधीवादी कहलाने में गर्व का अनुभव करने लगे थे। उनकी जीवन शैली, वस्त्र, खानपान और आचरण की आम जनता पर गहरी छाप पड़ी। इसका कारण यह भी था कि गांधी जी का स्वदेशी पर बड़ा जोर था। दूसरे शब्दों में लोगों को उन्होंने यह अहसास दिलाया कि जो अपना था, स्थानीय था, देसी था वह किसी भी तरह हेय न हो कर उपादेय था और सात्विक गर्व का विषय था। अंग्रेजी ठाटबाट और शनो-शौकत का रुतबा जहां भेद करने और भारतीयों को नीचा दिखाने वाला था वहीं गांधी जी द्वारा अपने देश के आचार, विचार और वेश-भूषा और भाषा अपनाना और उसका उत्सव मानना जन-जन में आत्मविश्वास भरने वाला साबित हुआ। भारत के नेताओं में विदेश में पढ़ने, रहने और काम करने का जितना लम्बा अनुभव गांधी जी का था उतना बहुत कम लोगों का था। पर गांधी जी अंग्रेजीयत की अच्छी समझ रखने पर भी पर अंग्रेजियत के अनावश्यक असर से मुक्त रहे जब कि बहुतेरों ने अतिरिक्त अंग्रेजीयत को लाद लिया। इस अर्थ में गांधी जी अपवाद थे और भारतीयता का उनका स्वर मुखर होता गया। गांधी जी ने भारत को पूरी तरह अंगीकार किया और भारत को अपने हृदय में बसा लिया। उसके साथ इतना तादात्मीकरण कर लिया कि वे भारत के प्रतीक बन गए। आज विश्व में 'गांधी' और 'भारत' पर्यायवाची के रूप में स्वीकृत और प्रचलित हो चुके हैं। गांधी भारत के थे पर गांधी भारत से इतने एकात्म हो गए कि भारत गांधी का देश हो गया।

एक सामान्य परिवारी आदमी के स्वभाव वाले गांधी का असाधारण सामाजिक व्यक्तित्व वाले गांधी में रूपांतरण दक्षिण अफ्रीका की सामाजिक-राजनैतिक परिस्थितियों के बीच हुआ जिनमें उन्होंने अपने विचारों, जीवन की राह चुनने और उस पर चलने का निश्चय किया था। विलक्षण धैर्य के साथ विविध धर्मों और परिस्थितियों से मिलने वाले विभिन्न प्रकार के अनुभवों ने गांधी जी के लिए एक समाज केन्द्रित



नेतृत्व की राह बनाई जिसने समाज को साथ ले चलने के लिए गुंजाइश पैदा की। गांधी ने विचारपूर्वक बहुतेरे प्रलोभनों की उपेक्षा करते तमाम विघ्न बाधाओं के बावजूद, मानवीय मूल्यों के पक्ष में फैसले लेते रहे और उन पर टिके रहे। सन 1909 में इंग्लैण्ड से दक्षिण अफ्रीका जाते हुए पानी के जहाज पर गांधी जी ने 'हिन्द स्वराज' नामक पुस्तिका मातृभाषा गुजराती में लिखी। इसमें पश्चिम की सभ्यता को जांचते हुए उसे मानवीय आधार पर चुनौती दी और साथ ही भारत के लिए 'स्वराज' की संकल्पना प्रस्तुत की। मनुष्य की मूलभूत जरूरतों और आत्मिक विकास की कसौटी पश्चिम की सभ्यता को एक शैतानी सभ्यता के रूप में प्रतिपादित किया गया। गांधी जी ने भारत को अपनी सभ्यता, भाषा, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और शिक्षा आदि की आवश्यकता की पहचान की और उसके पक्ष में अंग्रेजी शासन के विकल्प की एक व्यवस्था का प्रस्ताव किया। अंग्रेजी राज से मुक्ति और स्वराज (आत्म-नियंत्रण) की भावना स्वाधीनता संग्राम का मूलमंत्र हो गया।

स्मरणीय है कि भारत में आने के पहले गांधी जी के भारत-प्रेम की प्रसिद्धि देश में पहुंच चुकी थी। उनके सत्याग्रह, उपवास, सरल जीवन-शैली और राजनीतिक सूझबुझ की पहल को लेकर देश में चारों ओर लोगों में बड़ा उत्सुकता और उत्साह था। भारत आकर उन्होंने 1915 में कोचरब में पहला आश्रम स्थापित किया, फिर 1917 में साबरमती नदी के किनारे आश्रम बना। मोतिहारी, बिहार में निलहे किसानों की अंग्रेजों द्वारा शोषण के विरुद्ध भारत में पहला सत्याग्रह अत्यंत पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र में किया और अंग्रजी सरकार को झुकना पड़ा। गांधी जी के राजनैतिक कार्य में सामाजिक सरोकार और नैतिक आधार प्रमुख थे। उम्र के सातवें दशक में पहुंच रहे गांधी जी ने महाराष्ट्र में ग्रामीण इलाके के वर्धा को चुना और गांव के साधारण किसान की स्थिति सुधारने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए। उनका दृढ़ विश्वास था कि स्वतंत्रता का अर्थ सिर्फ राजनैतिक सत्ता-परिवर्तन न हो कर पूरे भारतीय समाज की सर्वतोमुखी उन्नति या सर्वोदय था। लोक संग्रह को वे व्यावहारिक स्तर पर पुनर्परिभाषित कर रहे थे। उनके आश्रम के लक्ष्य इसे और स्पष्ट करते हैं- बिना घृणा के मातृभूमि की सेवा, दूसरों को दुःख दिए बिना अध्यात्म का विकास, साधन और साध्य की पवित्रता तथा आत्म-निर्भरता। सन 1936 में हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति गठित की जो तब से सक्रिय है। गांधी जी ने 'नई तालीम' का प्रस्ताव किया जिसमें हृदय, मस्तिष्क और हाथ तीनों के उपयोग पर बल दिया। गांधी जी के विचार और जीवन शैली ने सबने बहुतों को मुरीद बना लिया। घर-घर चरखा, खादी और स्वतंत्रता भूख जगाने का जो काम गांधी के शब्दों ने किया उसका कोई मुकाबला नहीं कर सकता। गांधी की सरलता सबको भा जाती थी और जनभागीदारी की उनकी तरकीबें समावेशी थी। वे व्यक्ति के कल्याण को सर्व के कल्याण में निहित मान कर चल रहे थे। उनके लिए श्रम अच्छे जीवन का आधार था। उन्होंने सिद्धांत विहीन राजनीति, श्रम बिना धन, नैतिकता विना व्यापार, चरित्र बिना शिक्षा , विवेक बिना सुख , मानवता बिना विज्ञान तथा त्याग बिना पूजा को सामाजिक पाप कहा और इनसे बचने के लिए आगाह किया।

स्वाधीन भारत ने अपनी उन्नति के लिए जो राह चुनी उसमें गांधी विचार जीवन की मुख्य धारा से अलग हाशिये पर जाते रहे। वे इतिहास का हिस्सा तो हैं परन्तु व्यवहार में अपनाना मुश्किल हो रहा है। स्मृति के एक कोने में वे पड़े हुए हैं। उनको संजोने और सजाने का काम गाहें बगाहे जरूर हुआ पर आचरण से वे गायब होने लगे। झूठ, फरेब, धोखा, क्रोध, ठगी, अनैतिकता आदि बाजार-प्रधान जीवन में बढ़ रहे हैं। महात्मा गांधी वर्तमान संदर्भ में अधिकाधिक प्रासंगिक होते जा रहे हैं जिसमें हिंसा, लोभ और तकनीकी को लेकर प्रतिस्पर्धा मानव स्वभाव के बारे में विश्वास को खंडित करने वाली होती जा रही है। इस बारे सोचते हुए गांधी के निकट जा कर उनकी सोच और क्रियाशीलता के ताने-बाने को समझने की विशेष जरूरत है। गांधी जी की विशिष्टता यह है कि वे मनुष्य की सहज स्वाभाविक कमजोरियों के बीच उनसे उबरने और ऊपर उठने की लगातार कोशिश करते रहे और बिना किसी दुराव छिपाव के उसे सार्वजनिक भी करते रहे। ऐसा करते हुए वे देश, समाज और मानवता के प्रमुख पक्षकार बन गए। उनके सैद्धांतिक विचार, स्पष्ट उद्गार, कर्मठता, अनुशासन प्रियता और रचनात्मक कार्यक्रम ने उन्हें एक अनोखा व्यक्तित्व रच दिया, जैसा आगे पीछे दूर दूर तक नहीं दिखता। आज जब बर्बरता समेत हर किस्म की अतियां बुलंदी पर पहुंच रही हैं गांधी ऐसे दुर्निवार विस्मय के रूप में उपस्थित होते हैं जो तेजरफ्तार दौड़ती-भागती आज की दुनिया को सुनने-गुनने के लिए आवाज देते हैं, टोकते हैं और लगता है कि इस मानवी दुनिया का भविष्य गांधी के आसपास ही है।

आज शास्त्री जयंती



आलोक मेहता

# स्वाधीन भारत के पहले आर्थिक सुधारक शास्त्रीजी

हर वर्ष की तरह 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और भारत में आत्मविश्वास और उदार आर्थिक क्रांति के जनक लालबहादुर शास्त्री को सादर नमन के साथ स्मरण किया जाएगा। महात्मा गांधी के लिए देश-दुनिया को अधिक बताने की आवश्यकता नहीं होती। शास्त्रीजी भी देश में जय जवान-जय किसान के नारे को लेकर अधिक याद किए जाते हैं। उनकी ईमानदारी, त्याग और पाकिस्तान को पहले युद्ध में पराजित करके ऐतिहासिक समझौते की भी चर्चा अधिक होती है। लेकिन क्या वर्तमान राजनीतिक आर्थिक परिवर्तनों के दौर में क्या यह कहना गलत होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शास्त्रीजी द्वारा शुरू की गई उदार आर्थिक नीतियों, कृषि और खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता, दुग्ध क्रांति, पाकिस्तान चीन को करारे जवाब देने की सुरक्षा व्यवस्था और राजनेताओं के भ्रष्टाचार को कठोरता से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। दुखद बात यह है कि कांग्रेस पार्टी ने शास्त्रीजी को मरणोपरांत समुचित सम्मान और कार्यों का श्रेय नहीं दिया। यदि प्रामाणिक तथ्यों को सामने रखा जाए तो नरसिंहा राव, मनमोहन सिंह से बहुत पहले प्रधानमंत्री के रूप में लालबहादुर शास्त्री ने ही भारत को समाजवादी के नाम पर मूलतः कम्युनिस्ट विचारधारा और राजसत्ता पर नियंत्रित अर्थव्यवस्था को बदलने के क्रान्तिकारी निर्णय लिए थे। इसलिए संभवतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह स्वीकारने में संकोच नहीं होगा कि महात्मा गांधी के आदर्शों के साथ वह लालबहादुर शास्त्री के बताए रास्तों से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रयास कर रहे हैं।

वास्तव में शास्त्रीजी को आजादी के बाद भारत का पहला आर्थिक सुधारक कहा जा सकता है। शास्त्रीजी को उनका उचित सम्मान न मिलने का एक कारण शायद यह है कि



सुधारों के पहले चरण की शुरुआत करने का उनका प्रयास कई गलतफहमियों से घिरा हुआ है। उदाहरण के लिए, यह व्यापक रूप से माना जाता है कि 1966 में भारतीय रुपए के अवमूल्यन का निर्णय और क्रियान्वयन इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद किया था। यह सच है कि उनके प्रधानमंत्रित्व काल में ही रुपए का अवमूल्यन किया गया था, लेकिन भारत सरकार की फाइलों में रिकॉर्ड मिल सकता है कि मुद्रा के अवमूल्यन का निर्णय, जो एक आवश्यक कदम था, शास्त्री जी द्वारा लिया गया था। उस समय वित्त मंत्रालय में कार्यरत आईजी पटेल ने अपने संस्मरण में बताया था कि कैसे शास्त्रीजी के प्रधानमंत्री रहते हुए मुद्रा के अवमूल्यन का निर्णय सैद्धांतिक रूप से लिया गया था और अनौपचारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को इसकी जानकारी दी गई थी। उनके वित्त मंत्री टीटी कृष्णमाचारी अवमूल्यन के निर्णय के विरुद्ध थे। वह आयात और औद्योगिक गतिविधियों पर सरकारी नियंत्रण हटाने और मुद्रा का अवमूल्यन करने के खिलाफ भी थे। शास्त्रीजी के लिए, युद्ध की तबाही के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि देश के पास आर्थिक उदारीकरण और मुद्रा अवमूल्यन के लिए आईएमएफ-विश्व बैंक के नुस्खों को मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। इसलिए, शास्त्रीजी ने कृष्णमाचारी को वित्त मंत्री पद से हटाने के लिए एक राजनैतिक और नैतिक तरीका निकाला। कृष्णमाचारी के लिए, यह उनके राजनीतिक जीवन में दूसरी बार था जब उन्हें वित्त मंत्री के पद से हटना पड़ा। एक बार नेहरू के प्रधानमंत्रित्व काल में मुद्राकांड के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। अब, शास्त्रीजी के अधीन, कृष्णमाचारी के बेटे के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप थे। शास्त्रीजी ने जांच पूरी होने तक उन आरोपों से उन्हें मुक्त करने से इनकार कर दिया और वे चाहते थे कि उनके वित्त मंत्री तब तक पद से हट जाएं जब तक कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश द्वारा की जाने वाली जांच में उन्हें क्लीन चिट न मिल जाए। कृष्णमाचारी ने इसे अपमान के रूप में लिया और अपना इस्तीफा दे दिया, जिसे शास्त्रीजी ने तुरंत स्वीकार कर लिया और सचिन चौधरी को नया वित्त मंत्री नियुक्त किया। शास्त्रीजी उसके बाद ज्यादा समय तक जीवित नहीं रहे। उनकी उत्तराधिकारी इंदिरा गांधी ने चौधरी को वित्त मंत्री के रूप में बनाए रखा और शास्त्री द्वारा लिए गए मुद्रा अवमूल्यन के निर्णय को लागू किया। शास्त्री की सुधारवादी साख उनकी आर्थिक टीम से भी स्पष्ट थी। उनकी टीम के सभी सदस्य -एस भूतलिंगम, धर्मवीर, आईजी पटेल और एलके झा- अर्थव्यवस्था को मुक्त करने और कृषि को आधुनिक बनाकर और निजी क्षेत्र को नियंत्रण से अपेक्षाकृत स्वतंत्रता के साथ काम करने की अनुमति देकर भारतीय अर्थव्यवस्था की क्षमता को साकार करने के लिए सुधारों की तत्काल आवश्यकता में विश्वास करते थे। यहां तक कि नेहरू के सबसे करीबी वीके कृष्ण मेनन और के.डी. मालवीय को भी शास्त्रीजी के मंत्रिमंडल से हटना पड़ा। इस बात का संकेत था कि शास्त्री ऐसी व्यवस्था चाहते थे जो लायसेंस राज से दूर होकर बाजार पर अधिक निर्भर हो।

**(लेखक देश के विभिन्न अखबारों और पत्रिकाओं के संपादक रहे हैं)**

गांधी विचार की प्रासंगिकता




विवेक शुक्ला

# मानवता के विचार दर्शन का मूर्त रूप महात्मा गांधी

महात्मा गांधी को पाकिस्तान समझने के लिए तैयार नहीं है। अगर 30 जनवरी,1948 को हत्या ना होती तो वे कुछ दिनों के बाद पाकिस्तान जाने वाले थे। वे लाहौर, रावलपिंडी और कराची जाने की ख्वाहिश रखते थे। दरअसल गांधीजी पाकिस्तान इसलिए यात्रा करना चाहते थे कि दोनों देशों में बंटवारे के बाद हुई खूनी हिंसा के बाद सौहार्द का वातावरण बन जाए। वे वहां की जनता से मिलना-जुलना चाहते थे। गांधीजी ने कहा भी था-मैं लाहौर जाना चाहता हूं। मुझे वहां जाने के लिए किसी तरह की सुरक्षा की जरूरत नहीं है। मुझे मुसलमानों पर भरोसा है। वे चाहें तो मुझे मार सकते हैं। पर (पाकिस्तान) सरकार मेरे आने पर रोक कैसे लगा सकती है। अगर वह मुझे नहीं आने देना चाहेगी तो उसे मुझे मारना होगा। (गांधी वांगमय, खंड 96-7 जुलाई, 1947-26 सितंबर, 1947, पेज 410)। गांधीजी को लेकर पाकिस्तान में दो तरह के नैरेटिव सामने आते हैं। पंजाब,जो पाकिस्तान की सियासत तथा सेना में भागीदारी के लिहाज से सर्वाधिक अहम सूबा है, में उन्हें एक 'काईयां' हिन्दू नेता के रूप में ही पाठ्यपुस्तकों में पेश किया जाता रहा है। उन्हें मुसलमानों के शत्रु के रूप में पेश किया जाता है। वे वहां की स्कूल और कॉलेजों की किताबों में कांग्रेस के एक औसत नेता के रूप में सामने आते हैं। पाकिस्तान की गुजरे 75 सालों की सरकारों ने अधकचरी जानकारियों के आधार पर बनी गांधी की शख्सियत के साथ न्याय करने की कभी चेष्टा भी नहीं की। पाकिस्तान एक तरह से डरता है गांधीजी से।

पाकिस्तान के लेखक हारून खालिद एक जगह लिखते हैं, पंजाब में एक स्कूल की किताब को इसलिए बैन कर दिया गया क्योंकि उसमें गांधी का चित्र और विचार रखे गए थे। किताब पर बैन लगाने वालों को शिकायत थी



कि गांधी की जगह जिन्ना या इकबाल के चित्र या विचार क्यों नहीं रखे गए। मतलब साफ है कि पाकिस्तान में गांधी की उजली छवि रखने पर सरकारी तौर पर तो मनाही है। फलस्तीनियों के साथ बापू-अब पाकिस्तान में किस-किस को समझाए कि गांधी को इसलिए मारा गया था क्योंकि उनके हत्यारों को लगता था कि वे मुसलमानों या पाकिस्तान के पक्ष में खड़े होते हैं। पाकिस्तान के अधिकतर लेखक और इतिहासकार लगता है कि भांग खाकर गांधी को मुस्लिम विरोधी बताते रहे हैं। ये उस गांधी को हिन्दुओं का नेता के रूप में पेश करते है, जो मारे जाने से तीन दिन पहले दिल्ली में कुतुबउद्धीन बख्तियार काकी की दरगाह को देखने जाते है। दरगाह को दंगाइयों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। गांधीजी दरगाह में जाकर मुसलमानों को भरोसा देते हैं कि दरगाह की कायदे से मरम्मत होगी। वे मुसलमानों को पाकिस्तान जाने से रोकते भी हैं। वहां उस गांधी को पाठ्यपुस्तकों में अछूत माना जाता है। जिसकी प्रार्थना सभाओं में कुरआन की आयतें अनिवार्य रूप रूप से पढ़ी जाती थी। उस गांधी को मुसलमान विरोधी ठहरा दिया जाता है, जो इजराईल-फलस्तीनी विवाद पर टूक राय रखता था। इजराईल-फलस्तीनी विवाद पर महात्मा गांधी गहराई से नजर रख रहे थे। उनका कहना था कि फलस्तीनी जगह उसी तरह अरबों का है जिस तरह इंग्लैंड अंग्रेजों का है। यह सही नहीं होगा कि यहूदियों को अरबों पर थोप दिया जाए। बेहतर तो यह होगा कि यहूदी जहां भी जन्में हैं और रह रहे हैं वहां उनके साथ समता का व्यवहार हो। अगर यहूदियों को फलस्तीनी जगह ही चाहिए तो क्या उन्हें यह अच्छा लगेगा कि उन्हें दुनिया की उन सभी जगहों से जबरन हटाया जाए जहां वे आज हैं। या कि वे अपने मनमौज के लिए अपना दो घर चाहते हैं। यह भी याद रखा जाए कि मौजूदा पाकिस्तान में 1947 से पहले सिर्फ मुस्लिम लीग का ही असर नहीं था। वहां पर कांग्रेस का व्यापक जनाधार था। 31 दिसंबर 1929 को कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में प्रस्ताव पारित कर भारत के लिए पूर्ण स्वराज की मांग की गई थी। इसी दिन, रावी नदी के तट पर भारतीय स्वाधीनता का तिरंगा झंडा फहराया गया था। इसमें गांधीजी भी थे। इसके दो सालों के बाद 1931 में कांग्रेस का कराची में अधिवेशन हुआ भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना थी। यह सरदार वल्लभभाई पटेल की अध्यक्षता में हुआ था। इस अधिवेशन में गांधी-इरविन समझौते का समर्थन किया गया, जिसने कांग्रेस को सरकार के साथ समान स्तर पर बात करने का अवसर प्रदान किया। जाहिर है,लाहौर और कराची जैसे शहरों में कांग्रेस का प्रभाव होगा जिसके चलते वहां कांग्रेस के अधिवेशन हुए। इन शहरों में रहने वाले कांग्रेसी 1947 के बाद वहां ही रह गए। इनके बीच में गांधीजी के सत्य, अहिंसा और सर्वोदय जैसे सिद्धांतों को लेकर प्रतिबद्धता बनी रही थी। इसलिए यकीन कीजिए कि पाकिस्तान में कांग्रेस और गांधी की विचारधारा से जुड़े लोग अब भी हैं। इसलिए तो कराची तथा रावलपिंडी में गांधीजी के नाम पर कुछ समय पहले तक पार्क भी थे। उनके नाम तो बदल दिए गए। लेकिन, गांधी का विचार तो सरहद पार जीवित है और उसे अब वहां का शिक्षित और उदारवादी तबका आदर के भाव से देखता है। समाप्त। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

विचारबोध



डॉ. जफर महमूद

# व्यक्तित्व के परिष्कार का साधन किताबें

वर्तमान समय इंटरनेट,कम्प्यूटर और मोबाइल का युग है। ऐसे समय में विद्यार्थी पुस्तकों से बहुत दूर हो गए हैं। पुस्तकों का अपना महत्व है। ऐसे विकट समय में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग ने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का गठन कर प्रकोष्ठ में किताबों के महत्व को प्रतिपादित किया है। लोकमान्य तिलक का कथन है- मैं नरक में भी पुस्तकों का स्वागत करूंगा क्योंकि इनमें वह शक्ति है कि जहां ये होगी वहां आप ही स्वर्ग बन जाएगा। कर्लाइन का कहना है - मानव - जाति ने जो कुछ किया, सोचा और पाया है, वह पुस्तकों के जादूभरे पृष्ठों में सुरक्षित है। पुस्तकों का महत्व तथा मूल्य रत्नों से भी अधिक है। किताबें विद्यार्थियों को दुनिया के बारे में नई जानकारी, विचार और तथ्य प्राप्त करने में मदद करती हैं। किताबें पढ़ने से छात्र बुद्धिमान बनते हैं। किताबें विद्यार्थियों को एक नेक दिल इंसान बनने के लिए भी प्रेरित करती हैं। नैतिकता और मूल्यों से संबंधित अच्छी किताबें पढ़ना विद्यार्थियों को अच्छे गुणों से समृद्ध करता है । इस प्रकार वे बड़े होकर समाज के अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। किताबों से गुजरना दुनिया के श्रेष्ठ अनुभवों से गुजरने जैसा है। इस दुनिया में किताबें पढ़ने से बड़ा सुख शायद ही कोई हो। तभी तो किताबों को सबसे अच्छा मित्र कहा जाता है। निर्मल वर्मा भी ठीक ही कहते हैं, किताबें मन का शोक, दिल का डर या अभाव की हूक कम नहीं करतीं, सिर्फ सबकी आंख बचाकर चुपके से दुखते सिर के नीचे सिरहाना रख देती हैं ।

किताबें जीवन के विभिन्न चरणों में हमारी सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शक के रूप में साथ देती हैं। किताबें न सिर्फ हमें जानकारियां देती है बल्कि हमारे अतीत के चलचित्र से भी रूबरू करवाती हैं। किताबें हमारे जीवन की सबसे अच्छी साथी होती हैं। जब भी हमें उनकी आवश्यकता होती है वे हमारे लिए उपलब्ध होती हैं। किताबें हमारी आसपास की दुनिया को समझने, सही और गलत के बीच निर्णय लेने में हमारी मदद करती हैं। वे हमारे आदर्श, मार्गदर्शक या सर्वकालिक शिक्षक के रूप में भी हमारे जीवन में शामिल होती हैं। किताबें पढ़ने से हमारे व्यक्तित्व में गुणात्मक परिवर्तन आता है। वे हमारे लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती हैं साथ ही यथा समय लक्ष्य प्राप्ति में भी मददगार हैं। डॉ. अंबिकादत्त शर्मा के अनुसार भारतीय ज्ञान परंपरा कोरी आस्थाओं की संहिता ना होकर जीवन और जगत के प्रति आत्मचेतन विवेक से उपजा हुआ एक औचित्यविधान है। इसके पार्श्व में जो आत्मचेतन विवेक की सुधीर्घ परंपरा रही है, उसी की अभिव्यक्ति ऋषियों ,मुनियों और व्यास परंपरा के माध्यम से श्रुति, स्मृति, शास्त्र, पुराण ,दर्शन ,नीति और महाकाव्यों के रूप में प्रकटीकरण हुआ है। इन सब का सम्मिलित रूप ही भारतीय ज्ञान परंपरा का लिपिबद्ध वैचारिक संस्थान है। भारतीय ज्ञान परंपरा की विश्व दृष्टि एक आधारभूत मौलिक पहलु यह है कि समस्त सृष्टि ही अपने आप में एक समग्र नैतिक व्यवस्था है। संपूर्ण प्रकृति की गतिशीलता कोई अस्त-व्यस्त और बेमेल स्वच्छंदता नहीं बल्कि उसमें एक लय और छंदबधता है।भारतीय ज्ञान परंपरा की विश्व दृष्टि में मनुष्य को सृष्टि का स्वामी नहीं माना जाता। मनुष्य भी चराचर में तमाम जीवित प्राणियों के बीच महज एक प्राणी है । इसलिए यह मानव केंद्रित नहीं अपितु चराचर केंद्रित विश्व दृष्टि है। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग ने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पुस्तकों को जनभागीदारी मद से क्रय करने हेतु एक आदेश जारी किया है। जिसका स्वागत किया जाना चाहिए । इस आदेश में पुस्तकों की एक सूची है जिसमें 88 पुस्तकों को क्रय किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**(लेखक प्रचार प्रसार शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली में क्षेत्रीय संयोजक हैं)**

CMYK

# भारत ने घर में लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीती

## बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में सात विकेट से हराया, अश्विन 11वीं बार प्लेयर ऑफ द सीरीज बने, मुरलीधरन की बराबरी की



● कानपुर, ब्यूरो

**सकारात्मक** सोच और जोशीले अंदाज की बदौलत भारत ने मंगलवार को मेहमान बांग्लादेश को वर्षा बाधित टेस्ट मैच में सात विकेट से हरा कर सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया। भारत की घर में यह लगातार 18वीं जीत है और इसके साथ आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए उसने अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।

भारत ने यह मैच सिर्फ 52 ओवर खेल कर अपने नाम किया है, इस तरह ओवरों के लिहाज से मेजबान टीम की यह अब तक की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। टेस्ट मैच में वर्षा के कारण पहले दिन मात्र 35 ओवर फेंके जा सके थे जबकि दूसरे और तीसरे दिन का खेल वर्षा और गीले मैदान के कारण रद करना पड़ा था। बचे हुए दो दिन में परिणाम की आशा धूमिल हो चुकी थी मगर कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम सकारात्मक सोच के साथ मैदान पर उतरी और बांग्लादेश की पहली पारी को 74.2 ओवर में 233 रन पर धराशायी कर दिया। भारत ने अपनी पहली पारी की शुरुआत तूफानी अंदाज में की और मात्र 34.4 ओवर के खेल में नौ विकेट पर 285 रन बना कर पारी समाप्ति की घोषणा कर दी जिसके चलते मेहमान टीम को चौथे ही दिन दूसरी पारी के लिए मैदान पर उतरना पड़ा। इस बीच भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश की सलामी जोड़ी का चलता कर अपनी टीम के लिये जीत की बुनियाद रख दी। मंगलवार को मैच के पांचवे और अंतिम दिन कप्तान रोहित शर्मा ने गेंदबाजों का चतुराई से इस्तेमाल किया,नतीजन बांग्लादेश के बल्लेबाज सुबह से ही संघर्ष करते नजर आये। शादमान इस्लाम (50) और अनुभवी मुशफिकुर रहीम (37) के अलावा अन्य बल्लेबाज भारतीय आक्रमण का सामना करने में विफल साबित हुये और बांग्लादेश की दूसरी पारी भोजनावकाश से ठीक पहले 146 रन पर सिमट गयी और भारत को जीत के लिए 95 रन का लक्ष्य मिला। कप्तान रोहित (8) और यशस्वी जायसवाल (51) ने एक बार फिर




बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण के सामने अपने हाथ खोले मगर मेहदी हसन मिराज की गेंद पर रोहित स्वीप शाट खेलने से चूके और अपना विकेट गंवा बैठे। पहली पारी की तरह यशस्वी ने दूसरी पारी में भी अपना अर्धशतक तूफानी अंदाज में पूरा किया। उनके आउट होने के बाद विराज कोहली (29 नाबाद) और पंत (चार नाबाद) ने अपनी टीम को जीत के द्वार पर लाकर ही दम लिया। मैदान पर मौजूद करीब 23 हजार दर्शकों की मौजूदगी में भारत सिर्फ पहले टेस्ट के पहले दो सत्र में ही थोड़ी परेशानी में दिखा लेकिन इसके बाद बांग्लादेश को भारत ने वापसी ही नहीं करनी दी। यह ओवरों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। भारत ने सिर्फ 52 ओवर खेलकर इस मैच को अपने नाम किया है। बांग्लादेश पर सीरीज जीत के साथ भारत ने अपने घर में लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीत ली। भारत 2012 में आखिरी बार इंग्लैंड से 4 टेस्ट की सीरीज 2-1 से हारा था। 2013 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से हराया और तब से लगातार 18 सीरीज पर कब्जा किया। बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने 8वीं टेस्ट सीरीज जीती। भारत ने ओवरऑल बांग्लादेश को 13वां टेस्ट हराया, दोनों के बीच 2 मुकाबले ड्रॉ रहे। बांग्लादेश एक भी टेस्ट मैच भारत से नहीं जीत सका। वहीं रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 114 रन बनाए और 11 विकेट भी लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। यह अश्विन का 39 सीरीज में 11वां प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड रहा। इस मामले में उन्होंने श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन की बराबरी की। उनके नाम 60 सीरीज में 11 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। मुरलीधरन संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में अश्विन के पास उनसे आगे निकलने का सुनहरा मौका है।

### स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश पहली पारी : 233 रन

भारत पहली पारी : 285 रन

| बांग्लादेश दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इस्लाम का जयसवाल बो आकाश | 50 | 101 | 10 | 0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन | 10 | 15 | 1 | 0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 04 | 9 | 1 | 0 |
| मोमिनुल का राहुल बो अश्विन | 02 | 8 | 0 | 0 |
| नजमुल शान्तो बो जडेजा | 19 | 37 | 2 | 0 |
| मुशफिकुर बो बुमराह | 37 | 63 | 7 | 0 |
| लिटन का पंत बो जडेजा | 01 | 8 | 0 | 0 |
| शाकिब का एंड बो जडेजा | 00 | 2 | 0 | 0 |
| मिराज का पंत बो बुमराह | 09 | 17 | 1 | 0 |
| तैजुल इस्लाम पगबाधा बो बुमराह | 00 | 13 | 0 | 0 |
| खालिद अहमद नाबाद | 05 | 11 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 9 रन

कुल : 47 में 146 रन पर सभी खिलाड़ी आउट

विकेट पतन: 1-18, 2-26, 3-36, 4-91, 5-93, 6-94, 7-94, 8-118, 9-130, 10-146

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 10 | 5 | 17 | 3 |
| रवि अश्विन | 15 | 3 | 50 | 3 |
| आकाश दीप | 8 | 3 | 20 | 1 |
| मोहम्मद सिराज | 4 | 0 | 19 | 0 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 2 | 34 | 3 |

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का महमूद बोल्ड मिराज | 08 | 7 | 1 | 0 |
| यशस्वी का शाकिब बो तैजुल | 51 | 45 | 8 | 1 |
| गिल पगबाधा बो मिराज | 06 | 10 | 1 | 0 |
| विराट कोहली नाबाद | 29 | 37 | 4 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 04 | 5 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 00 रन

कुल : 17.2 ओवर में तीन विकेट पर 98 रन

विकेट पतन: 1-18, 2-34, 3-92

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मेहदी हसन मिराज | 9 | 0 | 44 | 2 |
| शाकिब अल हसन | 3 | 0 | 18 | 0 |
| तैजुल इस्लाम | 5.2 | 0 | 36 | 1 |

## यह जादू नहीं परिस्थितियों के अनुसार अनुभव है: बुमराह

**कानपुर, ब्यूरो** : भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने स्वयं को जादूगर कहे जाने पर कानपुर टेस्ट जीतने के बाद कहा कि मैं विशेषण में विश्वास नहीं रखता यह परिस्थितियों के अनुसार अनुभव का उपयोग है। दूसरे टेस्ट मैच में कुल छह विकेट लेने वाले बुमराह ने (स्वयं को जादूगर कहे जाने पर) कहा कि मैं इस तरह के विशेषण में विश्वास नहीं रखता। यह टेस्ट जीत बेहद खास है। ऐसी स्थिति में आप अपने अनुभव का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि चेन्नई की तुलना में यहां जीतना तुलनात्मक तौर पर अलग था। आकाश दीप बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं और जिस तरह से वह लगातार बेहतर कर रहे हैं, उसे देखकर मैं बेहद खुश हूं। हमारा लंबा टेस्ट सत्र है इसलिए टी-20 विश्वकप के बाद से ब्रेक जरूरी था। अभ्यास भी उतना ही आवश्यक है और यह भी देखना जरूरी था कि इस टेस्ट सत्र के लिए हमारी तैयरी पूरी हो। बुमराह ने बांग्लादेश की पहली पारी में 18 ओवर में 50 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट झटके थे। चौथे दिन के पहले सत्र की शुरुआत में बुमराह ने बांग्लादेश के रहीम (11) को अपनी जादुई गेंद पर बोल्ड कर दिया था। इसके बाद बांग्लादेश की दूसरी पारी में भी उन्होंने परिस्थितियों के अनुसार अपने अनुभव का उपयोग करते हुए 10 ओवर में मात्र 17 रन देकर तीन विकेट लिए।

## विराट ने शाकिब को गिफ्ट किया बैट



**कानपुर, ब्यूरो** : मैच खत्म होने के बाद भारत के विराट कोहली ने बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अपना बैट गिफ्ट किया। दोनों फिर कुछ देर बातें करते हुए भी नजर आए। यह शाकिब का भारत में आखिरी इंटरनेशनल मैच था। वह तीनों फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर चुके हैं और इसी महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट के रूप में आखिरी मुकाबला खेलेंगे। रोहित ने एक हाथ से फ्लाइंग कैच पकड़ा बांग्लादेशी की पहली पारी के 50वें ओवर में उनका पांचवां विकेट गिरा। रोहित शर्मा ने मिड-ऑफ पर हवा में जंप कर एक हाथ से शानदार कैच पकड़ा। सिराज ने ओवर की चौथी बॉल गुड लेंथ पर फेंकी, लिटन दास आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन मिड-ऑफ पर रोहित ने हवा में जंप कर बेहतरीन कैच पकड़ लिया।

## सार संक्षेप

### अल्काराज, मेदवेदेव को हराकर चाइना ओपन के फाइनल में



**बीजिंग** : स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने एक बार फिर शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए मंगलवार को रूसी खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव को हराकर चाइना ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। यहां 88 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में अल्कराज ने मेदवेदेव को 7-5, 6-3 से हराया। अलकराज का फाइनल में मुकाबला जननिक सिनर और चीन के वाइल्ड कार्ड बू युनचाओकेते के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से होगा। मैच के बाद अल्काराज ने कहा कि मुझे एक बार फिर कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा इसलिए मैं इससे बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इससे बेहतर सेमीफाइनल की उम्मीद नहीं कर सकता था।'

### सुदेवा और डीएफसी की आसान जीत

**नई दिल्ली** : डीएसए प्रीमियर लीग में मंगलवार को दिल्ली एफसी ने वाटिका फुटबॉल क्लब को 3-0 से हरा कर पहली जीत दर्ज की। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में सुदेवा एफसी ने फ्रेंड्स यूनाइटेड क्लब को 5-1 से परास्त किया। यहां अंबेडकर स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में विजेता टीमों ने एक जीत और एक एक ड्रॉ के साथ तीन तीन अंक जुटाए हैं। दिल्ली एफसी के लिए सैमसन कीशिंग, मैन ऑफ द मैच आरिस खान और अबेल्सन जैची ने गोल जमाए। सुदेवा दिल्ली की जीत का आकर्षण एजाज अहमद के दो दर्शनीय गोल रहे। पहली प्रीमियर लीग की विजेता वाटिका एफसी एक बार फिर अपनी ख्याति के अनुरूप नहीं खेल पाई । हालांकि 19वें मिनट में सैमसन द्वारा जमाए गोल के बाद लगभग साठ मिनट तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन दो मिनट में दो गोल जमा कर विजेता टीम ने परीणाम को एकतरफा कर दिया। सुदेवा दिल्ली और फ्रेंड्स यूनाइटेड का मैच उतार चढ़ाव वाला रहा लेकिन युवा शक्ति के सामने अनुभव को कठिन समय गुजारना पड़ा। फ्रैंड्स यूनाइटेड के मयंक देसवाल को रेफरी राहुल कुमार गुप्ता ने फाउल प्ले के लिए लाल कार्ड दिखाया। बाकी समय फ्रेंड्स यूनाइटेड को दस खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। विजेता टीम के लिए एजाज अहमद ने दो दर्शनीय गोल बनाए। तीसरा गोल मैन ऑफ द मैच कामजिस तौत्थांग ने किया।

## अजिंक्य रहाणे और सरफराज खान के अर्धशतकों ने मुंबई को संभाला

● लखनऊ, ब्यूरो

**कप्तान** अजिंक्य रहाणे (नाबाद 86), सरफराज खान (नाबाद 54) और श्रेयस अय्यर (54) के अर्धशतकों की बदौलत मंगलवार को मुंबई ने शेष भारत के खिलाफ चार विकेट पर 237 रन बना लिए है।

सुबह के समय पिच और आउटफील्ड पर नमी के कारण 45 मिनट की देरी से मैच शुरू हुआ था। शेष भारत ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव केवल चार रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद हार्दिक तामोरे (00) और आयुष म्हात्रे (19) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। तीनों ही बल्लेबाजों को मुकेश कुमार ने आउट किया। श्रेयस अय्यर ने एक अच्छी पारी खेलते हुए 84 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए(57) रन बनाए। उन्हें यश दयाल ने गायकवाड़ के हाथों कैच आउट कराया। नंबर छह पर बल्लेबाजी करने आए सरफराज खान ने अपने कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ मोर्चा संभाला और टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचा दिया। रहाणे के अर्धशतक के बाद सरफराज ने



भी अपना पचासा पूरा किया। खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने पर मुंबई ने 68 ओवर में चार विकेट पर 237 रन बना लिए है।

दिन का खेल खत्म होने के समय सरफराज खान 88 गेंदों पर (नाबाद 54) और अजिंक्य रहाणे 197 गेंदों में (88) रन बनाकर क्रीज पर थे। शेष भारत की ओर से मुकेश कुमार ने तीन विकेट लिए। यश दयाल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारत ने जीता सैफ अंडर-17 का खिताब

### फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 2-0 से हराया

**थिम्पू (भूटान), वार्ता** : भारत की फुटबॉल टीम ने फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 2-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप का अपना खिताब बरकरार रखा है। रात यहां चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गये मैच का पहला हाफ बांग्लादेश के खिलाफ भारत के ग्रुप लीग मैच जैसा ही था। जहां भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार हमलावर रहे। वहीं बांग्लादेश के छह खिलाड़ी डिफेंस में लगे रहे। इसके बाद पहले हाफ में खराब प्रदर्शन के बाद मोहम्मद कैफ ने 58वें मिनट में हेडर से बेहतरीन गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद 95वें मिनट में मोहम्मद अरबाश ने बाएं पैर से शानदार गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन ऐसी




टीम के खिलाफ गोल करना कभी आसान नहीं होता जोकि रक्षात्मक मानसिकता के साथ मैदान पर उतरी हो। मैच के दौरान केवल एक बार बांग्लादेश भारतीय गोल के करीब पहुंचा। यह ब्रेक पर एक मूव था और गोलमाउथ पर क्रॉस को गोलकीपर सूरज सिंह ने समय रहते रोक दिया। एम.डी. अरबाश को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और अहिबाम सूरज सिंह टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुने गए।

## पार्थ माने ने जीता दोहरा स्वर्ण पदक

### जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में जीते पदक

● लीमा, वार्ता

**पार्थ** राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। गौतमी भालोट, शांभवी क्षीरसागर और अनुष्का थोकुर की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में 1894.8 के संयुक्त स्कोर के साथ नया जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। इन तीन स्वर्ण पदकों के साथ जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत चुका हैं। पुरुषों की स्पर्धा में पार्थ माने, अजय मलिक और अभिनव




शॉ ने 1883.5 का स्कोर अर्जित करके टीम का खिताब सुरक्षित किया। पार्थ माने ने पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार 10.0 से ऊपर शॉट लगाए। उनके 250.7 के स्कोर ने चीन के लिवानलिन हुआंग (250.0) को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। अमेरिका के ब्रैडेन वेन पेइजर ने 229.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि पेरिस 2024 ओलंपिक के रजत पदक विजेता विक्टर लिंडग्रेन 207.2 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। अजय मलिक को शूट-ऑफ में लिंडग्रेन से हार का सामना करना पड़ा और वह 186.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। पिछले साल व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने वाले अभिनव शॉ अपने खिताब को डिफेंड नहीं कर सके और 144.2 के साथ सातवें स्थान पर रहे। इससे पहले क्वालीफाइंग राउंड में अजय मलिक 628.8 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। पार्थ माने (627.7) चौथे, जबकि अभिनव (627.0) छठे स्थान पर रहे। भारतीय निशानेबाजों ने 1883.5 के संयुक्त स्कोर के साथ टीम स्पर्धा में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और अमेरिका (1877.6) और जर्मनी (1873.9) को पीछे छोड़ने में कामयाब रहे। क्वालीफाइंग राउंड से आठ निशानेबाजों ने व्यक्तिगत फाइनल 10 मीटर एयर राइफल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं के क्वालिफिकेशन राउंड में गौतमी (634.7) दूसरे स्थान पर रहीं जबकि शांभवी (632.6) और अनुष्का (627.5) चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं।

## जर्मनी के खिलाफ श्रृंखला की तैयारियों के लिए हॉकी इंडिया ने लगाया कोचिंग शिविर

**बेंगलुरू, वार्ता** : जर्मनी के साथ होने वाली घरेलू श्रृंखला की तैयारियों के लिए हॉकी इंडिया ने मंगलवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र बेंगलुरु में एक अक्टूबर से 19 अक्टूबर इस राष्ट्रीय कोचिंग शिविर का आयोजन करेगा। जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए टीम का चयन इसी शिविर से किया जाएगा और यह भारतीय टीम की मैचों की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिविर से पहले बोलते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह शिविर यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगा कि हमारी टीम जर्मनी का सामना करने से पहले अच्छी तरह से तैयार है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक(बिहार)